दैनिक सच क्या है की प्रस्तुति
SKH NEWS
R.N.I.NO. 56725/89
सच क्या है
(उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक)



अंदर के पेज
3 राष्ट्रीय सीनियर वुशु प्रतियोगिता के लिए 39 सदस्यों का हुआ चयन, सुनील कुमार व रामदास होंगे कोच
4 अवध विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 20 सितंबर को, हुआ फाइनल रिहर्सल
5 मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या को दी एक हजार करोड़ की सौगात
6 बाढ़ प्रभावित इलाके में लोगों के लिए फरिश्ता बनी एनडीआरएफ
7 वन नेशन वन इलेक्शन मोदी सरकार का शिगूफा- प्रमोद तिवारी

# 2047 के बाद विवि का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा : आनंदीबेन पटेल

## -कृषि विश्वविद्यालय के 26वें दीक्षांत समारोह पर बोलीं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल

अयोध्या, 19 सितंबर (हि.स.)।आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के 26वें दीक्षांत समारोह की गुरुवार को अध्यक्षता करते हुए प्रदेश की राज्यपाल एवं विवि की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि कठिन परिश्रम और दृढ़संकल्प ने नैक में उच्च ग्रेड ए प्लसप्लस दिलाया। इस उपलब्धि ने विश्वविद्यालय के साथ उत्तर प्रदेश को भी पूरे देश में एक नई पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाना सबकी जिम्मेदारी है इसके लिए पूरे विश्वविद्यालय परिवार को आगे आना होगा। विश्वविद्यालय जो भी कार्य कर रहा है उसका लाभ गरीब, पिछड़ा वर्ग और किसानों को हो रहा है। कहा कि 2047 के बाद कृषि विश्वविद्यालय का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा। कुलाधिपति ने बेटियों के शिक्षण कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों से बेटियां बेटों से आगे निकल रही हैं। भोजन और पानी का हम सभी को सम्मान करना होगा। भोजन बर्बाद नहीं करना है इसका आज से ही हम सभी को संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या खेती में सबसे बड़ा बाधक है। जलवायु परिवर्तन की समस्या से लड़ने के लिए उन्नत किस्म की प्रजातियों को विकसित करने की आवश्यकता है। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान है। हमारे किसान अन्नदाता होने के साथ-साथ जीवनदाता भी हैं। नवीन कृषि पद्धतियों के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। कम पानी में अधिक फसलों की पैदावार हो सके, इसके लिए विश्वविद्यालय को अनुसंधान करना होगा, जिससे कि किसानों की आय में बढ़ोतरी हो सके। उन्होंने कहा कि 25 प्रतिशत तेल हमारे देश में बाहर से आयात हो रहा है इसके लिए किसानों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। कुलाधिपति ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कृषि के क्षेत्र में 20204-25 में 1.52 करोड़ कृषि का बजट प्रधानमंत्री ने दिया है जिससे कृषि के क्षेत्र में हमारा देश आत्मनिर्भर बन सके। दलहन और तिलहन की खेती के लिए सरकार कार्य करती रही है और एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य से आगे बढ़ने की जरूरत है। कुलाधिपति ने युवा छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे नौकरी के चक्कर में न पड़कर सरकार की कई लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। इस योजनाओं से वे अपना व्यवसाय खड़ा कर सकते हैं। साथ ही दूसरों को भी रोजगार देने कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छह आकांक्षी जिलों को गोद लेकर कार्य कर रहा है। आकांक्षी जिलों के विकास के लिए जिले के अधिकारियों, ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य एवं ग्राम पंचायत सदस्य स्तर से सभी को एक साथ मिलकर कार्य करने की जरूरत है। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों ने राष्ट्रगान, जल भरकर पर्यावरण संरक्षण के संदेश और कुलगीत से हुआ। कुलपति ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। मंच का संचालन डॉ. सीताराम मिश्रा ने किया। इस मौके पर प्रबंधन परिषद के सदस्य, जिलाधिकारी अंबेडकर नगर, विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष एवं पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




**नैक की सफलता से कृषि विवि को देश में मिली नई पहचान**

कृषि वित्त निगम इंडिया लिमिटेड के निदेशक मंडल के अध्यक्ष व कृषि विश्वविद्यालय परभणी महाराष्ट्र के पूर्व कुलपति डॉ. सी. डी माई ने बतौर मुख्य अतिथि अपने उद्बोधन में विश्वविद्यालय के कार्यों को जमकर सराहना की। कहा कि विश्वविद्यालय का स्वरूप बहुत तेजी के साथ बदला है। पहली बार में नैक में उच्च ग्रेड पाकर सफलता हासिल की है वह विश्वविद्यालय की निरंतर सुधार की प्रतिबद्धता का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि यह देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय है जिसने यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कुलाधिपति/राज्यपाल ने नैक की मान्यता के लिए आठ बार बैठकें की जो उनकी महानता और मेहनत को दशार्ता है। उन्होंने पदक पाने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकानाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश की बढ़ती आबादी को देखते हुए खाद्य सुरक्षा की गारंटी देने के लिए कृषि उत्पादन में तेजी लाने की जरूरत है। समावेशी विकास हासिल करने के लिए कृषि बाजारों में सुधार, बेहतर बीज और इनपुट गुणवत्ता को बढ़ाना होगा। डा. सी.डी माई ने कहा कि हमें अपनी कृषि विकास दर को लगभग दो प्रतिशत से बढ़ाकर चार प्रतिशत करने का प्रयास करना चाहिए। परंपरागत कृषि विकास योजना का उद्देश्य मिट्टी की उर्वरता बढ़ाना और कृषि रसायनों के उपयोग के बिना जैविक पद्धतियों के माध्यम से स्वस्थ भोजन के उत्पादन में मदद करना है। हमें किसानों की आय को बढ़ाने के लिए कार्य करना होगा। उन्होंने आज के युवा केवल डिग्री धारक नहीं बल्कि ये कृषि क्षेत्र में भविष्य के अग्रदूतों, रचनात्मक और दूरदर्शी लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंन कहा कि प्रदेश सरकार फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय कर रही है। यह कृषि विवि 25 कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से पूर्वी उत्तर प्रदेश में कृषि और कृषक समुदायों के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र बस्ती को सर्वश्रेष्ठ केंद्र का राष्ट्रीय पुरस्कार एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विवि द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों को पूर्वी उत्तर प्रदेश में फसल अवशेष प्रबंधन और बाजरा की खेती में योगदान की भी जमकर सराहना की।

**केंद्र व राज्य सरकार किसानों की हितैषी: बलदेव सिंह औलख**

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 33 प्रतिशत गेहूं और 11 प्रतिशत चावल का उत्पादन हो रहा है। सब्जियों की खेती में हमारा उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। किसानों की आय को बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से कई प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र एवं प्रदेश की सरकार ने किसानों के लिए विभिन्न योजनाएं चला रहीं हैं जिसका किसानों को लाभ उठाना चाहिए। डबल इंजन की सरकार हमेशा किसानों के हितों के लिए साथ खड़ी है। किसानों की सहूलियत और आय दोगुणी करने करने के लिए कृषि विश्वविद्यालय की ओर से कई अनुसंधान किए जा रहे हैं जो एक सराहनीय प्रयास है। मंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय ने अबतक 199 प्रजातियों को विकसित किया है जिसका लाभ किसानों को सीधे पहुंच रहा है। नैक मूल्यांकन मे अ++ ग्रेड हासिल करने पर उन्होंने विश्वविद्यालय के कार्यों की जमकर सराहना की। 10 एकड़ में प्राकृतिक खेती, विवि में विदेशी छात्र-छात्राओं का शिक्षण ग्रहण करना, कृषि विज्ञान केंद्र को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार, क्लीन एंड ग्रीन कैंपस का अवार्ड आदि आदि उपब्धियां विश्वविद्यालय की निरंतरता और मेहनत का परिणाम है।

**कृषि विवि के लिए उपलब्धियों से भरा रहा पूरा वर्ष**

विश्वविद्यालय के 26वें दीक्षांत समारोह पर कुलपति ने अपने प्रतिवेदन को सबके समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने नैक में उच्च ग्रेड हासिल किया है जो सभी की सफलता का परिणाम है। कुलाधिपति के नेतृत्व में आठ बार समीक्षा बैठक आयोजित की गई और उनके दिशा-निर्देशन में विश्वविद्यालय को यह सफलता प्राप्त हो सकी। विश्वविद्यालय में पिछले सत्र में श्रीलंका, विएनताम, जिम्बाब्वे और नेपाल के छात्रों ने प्रवेश लिया था और इस सत्र में भी घाना, मिश्र, लिसोथो, केन्या और नेपाल के छात्र-छात्राएं प्रवेश लेने जा रहे हैं जो बड़ी उपलब्धि होगी। सभी उपाधि प्राप्त छात्रों की डिग्रियों को डिजिलॉकर में में समावेश कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि धान की दो उन्नत किस्म काला नमक प्रजाति काला नमक-1 पूसा नरेंद्र सीआरडी विकसित की गई है। पिछले चार वर्षों में एक पेटेंट अनुदत्त हुए और एक प्रकाशित हुआ। विश्वविद्यालय में रेडियो केंद्र स्थापित किया गया है जिसके माध्यम से वैज्ञानिक किसानों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। 10 एकड़ बंजर जमीनों पर विश्वविद्यालय ने प्राकृतिक खेती कर उसे खेती के योग्य बनाया है। राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में कुल 19 पदक जीतकर विश्ववद्यालय राज्य में दूसरे स्थान पर रहा। विश्वविद्यालय को क्लीन एंड ग्रीन कैंपस जैसी कई उपलब्धियों को अपने नाम कर चुका है।

**दीक्षांत समारोह में राजभवन से पहुंचा मेडिकल किट और किताबें**

प्रदेश की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल शिक्षा को बढ़ावा देने एवं छात्र-छात्राओं को शिक्षा को लेकर प्रोत्साहित करने के लिए मेडिकल किट और किताबें लेकर पहुंची थी। यह किट उन्होंने उन विद्यालयों के प्राचार्यों को वितरित किया जिन्होंने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया था।

**कुलाधिपति ने किया आधा दर्जन पुस्तकों का विमोचन**

कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल व अन्य अतिथियों ने 26वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर आधा दर्जन पुस्तकों का विमोचन किया। स्मारिका, वार्षिक रिपोर्ट 2024-25, पूर्वांचल खेती, फसल अवशेष प्रबंधन, प्राकृतिक शोध एवं प्रसार और फिजिकल एजुकेशन एंड योगा नाम के पुस्तक का विमोचन किया गया।

**18 विजेता प्रतिभागी छात्रों को किया सम्मानित एवं आगंनवाड़ी कार्यकत्रियों को दीं किट**

दीक्षांत समारोह के अवसर पर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने स्कूल बैग और फल देकर सम्मानित किया। वहीं दूसरी तरफ आंगनबाड़ी कार्यकताओं को आंगनबाड़ी किट देकर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया।

**दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक पाकर झूम उठे मेधावी**

दीक्षांत समारोह में 595 छात्र-छात्राओं को उपाधियां व 27 मेधावियों को स्वर्ण पदक दिया गया। प्रदेश की कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल के हाथों स्वर्ण पदक पाकर सभी मेधावी खुशी से झूम उठे। पदक पाने के बाद छात्र-छात्राएं सेल्फी लेते नजर आए और एक दूसरे को बधाइयां दीं। मेधावियों ने अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया। कुलाधिपति स्वर्ण पदक आठ, कुलपति स्वर्ण पदक 11 तथा विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक आठ मेधावियों को दिया गया। कृषि विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि छह मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक व स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के एक-एक मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक दिया गया। 11 मेधावियों को कुलपति स्वर्ण पदक दिया गया जिसमें स्नातक के सात, स्नातकोत्तर के तीन व पीएचडी के एक मेधावी छात्र शामिल रहे। इसी क्रम में स्नातक के सात व पीएचडी के एक मेधावी को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक दिया गया। कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न महाविद्यालयों एवं मुख्य परिसर को मिलाकर स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के कुल 595 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी गईं। जिसमें स्नातक के कुल 330, परास्नातक के 238 तथा पीएचडी के कुल 27 छात्र-छात्राओं को उपाधियां दी गईं। आशुतोष सिंह ने बताया कि कुलाधिपति की मौजूदगी में 2023-24 के 595 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं की डिग्रियों को भारत सरकार के डिजी लॉकर में अपलोड कर दिया गया है।

# रोडवेज सेवा निवृत्त वेलफेयर एसोसियेशन की मासिक बैठक में किया बिचार विमर्श

सासनी- 19 सितंबर। यूपी रोडवेज सेवानिवृत कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन एवं क्षेत्रीय प्रबंध समिति अलीगढ़ की संयुक्त मासिक बैठक का आयोजन गांधी पार्क रोडबेज बस स्टैंड पर किया गया।

गुरूवार को आहूत मासिक बैठक में न्यायालय द्वारा गतिशील महंगाई भत्ते के प्रकरण की प्रगति संबंधी जानकारी दी गई। ईपीएस 95 के रूप में मिलने वाली पेंशन के विकल्प पत्रों की छाया प्रतियां अग्रिम वार्ता हेतु कलेक्ट की गई। एवम साथ ही साथ संगठनात्मक स्तिथि पर विचार विमर्श किया गया। छठे वेतन मान एवम सातवें वेतनमान के संबंध में ड्यू डेट से दिलाए जाने तथा एरियर से भुगतान हेतु संगठन द्वारा किए गए गंभीर प्रयासों के फलस्वरूप हुई प्रगति की जानकारी दी गई।

इस मौके पर समस्त कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य गण मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र पाठक ने की, एवं संचालन क्षेत्रीय मंत्री नरपाल सिंह यादव ने किया।

# केंद्र ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास के लिए कई सुधार किए: प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, 19 सितंबर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि सरकार ने पिछले 10 वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास के लिए कई सुधार किए हैं। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि भारत खाद्य क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता तथा सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित करे।

राजधानी नई दिल ली के भारत मंडपम में आयोजित 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने एक वीडियो संदेश में कहा कि सरकार प्रतिबद्ध है कि देश खाद्य क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के लिए वैश्विक मानक स्थापित करे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में एक जीवंत और विविध खाद्य संस्कृति है। उन्‍होंने कहा कि किसान देश के खाद्य पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ है। मोदी ने कहा कि सरकार नवीन नीतियों और केंद्रित कार्यान्वयन के साथ किसानों का समर्थन कर रही है।

प्रधानमंत्री का ये वीडियो संदेश मेगा फूड इवेंट 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' के तीसरे संस्करण के अवसर पर पढ़ा गया। यह कार्यक्रम 19 से लेकर 22 सितंबर तक राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में 90 से अधिक देश हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' के आयोजन के बारे में जानकर खुशी हुई। दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आए सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं। मोदी ने अपने संदेश के माध्‍यम से कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान हमने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बदलने के लिए व्यापक सुधार पेश किए हैं। खाद्य प्रसंस्करण में शत प्रतिशत एफडीआई, प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिककरण, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना जैसी बहुआयामी पहलों के माध्यम से हम पूरे देश में आधुनिक बुनियादी ढांचे, मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं और रोजगार सृजन का एक मजबूत



पारिस्थितिकी तंत्र बना रहे हैं।

उन्‍होंने आगे कहा कि हमारे विजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा छोटे उद्यमों को सशक्त बनाना है। हम चाहते हैं कि हमारे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) फलें-फूलें और वैश्विक मूल्य श्रृंखला का एक अभिन्न अंग बनें। इसके साथ ही महिलाओं को सूक्ष्म उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित करें। ऐसे समय में वर्ल्ड फूड इंडिया हमारे लिए बी2बी इंटरैक्शन और प्रदर्शनियों, रिवर्स बायर-सेलर मीट और देश, राज्य और क्षेत्र-विशिष्ट सत्रों के माध्यम से दुनिया के साथ काम करने के लिए एक आदर्श मंच है। उन्‍होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि इसके अतिरिक्त भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन का आयोजन डब्‍ल्‍यूएचओ, एफएओ और कई प्रतिष्ठित घरेलू संस्थानों सहित वैश्विक नियामकों को खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता मानकों और सर्वोत्तम प्रथाओं जैसे मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके अलावा मुझे यकीन है कि खाद्य सुरक्षा बढ़ाने और खाद्य अपव्यय को कम करने के लिए खाद्य विकिरण, पोषण और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए पौधे आधारित प्रोटीन, साथ ही परिपत्र अर्थव्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रदर्शित किया जाएगा। आइए हम आगे बढ़ें और एक टिकाऊ, सुरक्षित, समावेशी और पौष्टिक दुनिया के निर्माण के सपने को साकार करें।

उल्‍लेखनीय है कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने भारत मंडपम में मेगा फूड इवेंट 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' का आयोजन किया गया है। ये कार्यक्रम राजधानी नई दिल ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम हो रहा है, जो 70 हजार वर्ग मीटर के विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है। इसका उद्घाटन केंद्रीय केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने आज किया। इस अवसर पर केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी और केंद्रीय रेल राज्य और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी मौजूद थे। इस वैश्विक आयोजन में 90 से अधिक देश, 26 भारतीय राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश और 18 केंद्रीय मंत्रालय तथा और संबद्ध सरकारी निकाय भाग ले रहे हैं। जापान इस इवेंट का भागीदार देश है जबकि वियतनाम और ईरान फोकस देशों के रूप में भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विषयगत चचाओं, राज्य और देश-विशिष्ट सम्मेलनों सहित 40 ज्ञान सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 को व्यापक बनाने के लिए स्वाद सूत्र नामक एक पाक प्रतियोगिता शुरू की गई है, जिसमें पूरे भारत के क्षेत्रीय व्यंजन पेश किए जाएंगे।

# प्रोजेक्ट चीता की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट जारी, अगले 25 वर्षों में अंतर-राज्यीय चीता संरक्षण परिसर का होगा निर्माण

नई दिल्ली, 19 सितंबर (हि.स.)। चीता परियोजना के तहत अगले दस सालों में इस परियोजना का तीन से पांच स्थानों पर विस्तार किया जाएगा। इसके साथ केन्द्र सरकार ने अगले 25 वर्षों में अतंर-राज्यीय चीता संरक्षण परिसर का निर्माण करने का लक्ष्य रखा है।

गुरुवार को जारी ह्यप्रोजेक्ट चीताह्न की 2023-24 की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश के कूनों राष्ट्रीय उद्यान के साथ अब आने वाले दिनों राजस्थान के गांधी सागर परिक्षेत्र में चीतों के नए समूह को लाया जाएगा।

प्रोजेक्ट चीता के तहत गांधी सागर में चीता लाने की कार्य योजना के अनुसार पहले चरण में पांच से आठ चीतों को 64 वर्ग किलोमीटर के शिकारी-रोधी बाड़ वाले क्षेत्र में छोड़ा जाएगा, जिसमें प्रजनन पर ध्यान दिया जाएगा। चीता का यह समूह इसी साल के अंत तक लाए जाने की संभावना है।

मौजूदा समय में कूनो परिक्षेत्र में 24 चीते हैं जिसमें 12 वयस्क और 12 शावक हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि कूनो में कुल 6800 वर्ग किमी भूमि में से चीता आवास 3200 वर्ग किमी है। अगले दस वर्षों की अवधि में चीता संरक्षण के लिए तीन से पांच स्थलों को विकसित किया जाएगा। राजस्थान स्थित गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य, मध्य प्रदेश में तैयारियों में 28 किमी का बाड़े का निर्माण शामिल है। चीतों की प्रारंभिक रिहाई के लिए 64 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए लंबी




शिकारी रोधी बाड़, पशु चिकित्सा, निगरानी और सुरक्षा बुनियादी ढांचे का काम लगभग पूरा होने वाला है। उल्लेखनीय है कि 17 सितंबर को ह्यप्रोजेक्ट चीताह्न के दो वर्ष पूरे हुए। 17 सितंबर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को कूनो नेशनल पार्क के बाड़े में छोड़ा था। इनमें 5 मादा और 3 नर चीते शामिल थे। इसके बाद फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से 12 और चीतों को लाया गया था। चीता को 1952 में भारत से विलुप्त घोषित कर दिया गया था। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्वच्छता के लिए 100 घंटे समर्पित करने का लिया संकल्प

नई दिल्ली, 19 सितंबर (हि.स.)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव अपूर्व चंद्रा ने गुरुवार को निर्माण भवन परिसर में पौधे लगाए। ये पौधे इस वर्ष 5 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लगाए गए हैं। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्रालय की ओएसडी पुण्य सलिला श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए चंद्रा ने बताया कि पौधे लगाना स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए विशेष स्वच्छता अभियान के तहत कार्यक्रमों में से एक था। उन्होंने कहा कि मंत्रालय के सभी अधिकारियों ने आसपास में हरित आवरण बढ़ाने के संकल्प के साथ-साथ इस वर्ष स्वच्छता के लिए 100 घंटे समर्पित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त सचिव रोली सिंह, एलएस चांगसन, आराधना पटनायक और जयदीप कुमार मिश्रा सहित स्वास्थ्य मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी पौधे लगाए गए।

## सम्पादकीय

# आर्थिक गुनाहों की मंडी

लेन-देन की सियासत ने बजट के कई पिंजरे बना दिए और अब हकीकत यह कि आर्थिक कमजोरियों की जंजीरें चलने से रोक रही हैं। हिमाचल आर्थिक गुनाहों की मंडी बन गया और हमें मालूम ही नहीं कि वहां हम सभी बिक रहे हैं। हम बिके, इसलिए प्रदेश कर्जदार है। आंकड़ों में प्रदेश, राजनीतिक आवेश और केंद्र का संदेश, आजकल हिमाचल की रूह से सौदेबाजी कर रहे हैं। डोडा की चुनावी जनसभा में देश के प्रधानमंत्री, हिमाचल के वित्तीय हालात को कांग्रेस का असफल मॉडल बता रहे हैं, तो जवाब में संघीय ढांचे पर आक्षेप शुरू हुआ है। मुख्यमंत्री के अनुसार केंद्र से हिमाचल को 23 हजार करोड़ चाहिएं और यह हिमाचल का न्यायिक हक है। पिछले साल की प्राकृतिक आपदा के आज भी अगर वित्तीय घाव सता रहे हैं, तो 9300 करोड़ की मोटी रकम का फासला दर्द का बयां है। हिमाचल सरकार ने ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू तो कर दिया, लेकिन एनपीएस के 9300 करोड़ केंद्र में विश्रांति कर रहे हैं। जाहिर है यह राशि ओपीएस की गारंटी को अपने संदूक में भर सकती है। राज्य सरकार बीबीएमबी के 4500 करोड़ की लेनदारी के लिए भी केंद्र से मुखातिब है। इसमें दो राय नहीं कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति में सदैव आफत भरी रहती है और केंद्र के सहारे चलते हुए हिमाचल ने प्रगति के तमाम कसीदे काढ़े हैं। प्रदेश की सियासी क्षमता सरकारी कर्मचारियों को अपना आश्रयस्थल, जबकि केंद्र को प्रश्रय स्थल बना चुकी है। हमारे वित्तीय स्रोत केंद्र के रहमोकर्म पर निर्भर करते हैं और अगर ऐसे में केंद्र और राज्य के सियासी समीकरण आपसी बंधुत्व के भाव में मिल जाएं, तो वक्त गुजर जाता है, वरना टकराव के जिस मोड़ पर सुक्खू सरकार को खड़ा होना पड़ रहा है, वहां सियासत के हथौड़े सतर्क हैं। हिमाचल पहली बार इस तरह के आर्थिक संकट में रेखांकित हो रहा है, जो पहले राष्ट्रीय दृष्टिकोण में बचाव कर लेता था।

विडंबना यह है कि छोटे से पहाड़ी राज्य का चीरहरण हो रहा है, कभी अनावश्यक गारंटियों के बोझ से, तो कभी सत्ता की मंजूषा के लिए। आर्थिक संतुलन निरंतर बिगड़ा है, कभी मिशन रिपीट के नाम पर, तो कभी राज दरबार की अदा में। असंतुलन यह भी रहा कि हमारी सियासत सूबेदार पैदा करती रही। सत्ता में राजनीतिक भोज, व्यक्ति केंद्रित सरकारों का ओज और अदला-बदली के फरमान में गलत धारणा का अनुसरण करते-करते यह राज्य शासक को महाराजा बनाता रहा। व्यक्ति पूजा के अवसाद से ग्रसित व्यवस्था ने सरकारों की आलोचना, विपक्ष की भूमिका और समाज की दृष्टि क्षीण कर दी, नतीजतन लाभार्थियों की एक ऐसी कौम खोजी गई, जो चुनाव के वक्त वफादारी निभाए। हिमाचल देश का ऐसा पहला राज्य बना जिसने अपने आर्थिक अस्तित्व की कीमत पर सबसे अहम लाभार्थी बनाने के लिए सरकारी कर्मचारी और सरकारी रोजगार को चुना और हर बार इन्हीं पर चुनावी जुआ खेला। इसी के साथ घोषणाओं के मंच को सजाया तो प्रदेश को अनावश्यक-अनुपयोगी ढांचे में फंसाया। ऐसे में केंद्र जो कल तक उदारता के साथ और पर्वतीय राज्य होने के कारण हिमाचल का वित्तीय पोषण करता था, आज इसे आर्थिक अस्थिरता का उलाहना दे रहा है। नरसिम्हा राव ने शांता कुमार सरकार को मुफ्त बिजली की रायल्टी का आधार देकर जो संबल दिया, वैसा ही कमोबेश वाजपेयी की सरकार ने औद्योगिक पैकेज के रूप में दिया। बेशक मोदी के प्रश्रय में डबल इंजन सरकार के पहिए बल्क ड्रग व मेडिकल डिवाइस पार्क तक दौड़े और अधोसंरचना निर्माण के खाते में फोरलेन के द्वार खुले, लेकिन आर्थिक पैकेज के रूप में और हिमाचली अधिकारों के लिए रास्ते सशक्त नहीं हुए। अब डबल इंजन सियासी पटरी से नीचे उतर गया है, तो आर्थिक दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हिमाचल दिखाई दे रहा है। राजनीतिक लेन-देन में हिमाचल अपना सौ फीसदी देकर भी आर्थिक नुकसान उठा रहा है, तो राज्य का अर्थ प्रबंधन बदलना पड़ेगा।

# सुप्रीम कोर्ट में ड्रेस कोड चाहिए पर स्कूल में ....!

-डॉ. मयंक चतुर्वेदी

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में देशभर के वकीलों के लिए गर्मी के मौसम में ड्रेस कोड में ढील देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में सुझाव दिया गया था कि वकील गर्मी के कारण पारंपरिक गाउन पहनने में असुविधा महसूस कर रहे हैं, किंतु सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने जब इस याचिका को सुना तब साफ कह दिया कि पेशेवर शिष्टाचार बनाए रखना आवश्यक है। अलग-अलग स्थानों पर जलवायु के अनुसार वकीलों को पेशेवर रूप से व्यवहार करना चाहिए। वकील कुर्ता-पायजामा या शॉर्ट्स-टी-शर्ट पहन कर बहस नहीं कर सकते। वकीलों को यह समझना चाहिए कि उनकी वेशभूषा उनके पेशेवर आचरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका मतलब यह है कि अदालतें वकीलों के लिए निश्चित स्तर की पेशेवरता की अपेक्षा करती हैं, जिससे अदालत की गरिमा बनी रहे।

आप कह सकते हैं कि सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय स्पष्ट करता है कि वकीलों के लिए पेशेवरता और गरिमा का पालन आवश्यक है। यह न केवल उनके व्यक्तिगत चित्रण को दशार्ता है, बल्कि यह अदालत की छवि और उसकी गंभीरता को भी बनाए रखता है। अब उच्चतम न्यायालय के आए इस निर्णय की तुलना कोर्ट के पिछले माह दिए गए निर्णय से करते हैं, बात वहां भी ड्रेस कोड की ही थी, किंतु यही माननीय सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के निर्णय ने जैसे एक समाज को ही कटघरे में खड़ा कर दिया था। कहना होगा कि नौ अगस्त को आए एक निर्णय में आज फिर से एक बार उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर विचार करने के लिए विवश कर दिया है। पूरी कहानी कुछ यूं है कि मुंबई के एन. जी. आचार्य और डी. के. मराठे कॉलेज ने कैंपस में हिजाब, नकाब, बुर्का, स्टोल और टोपी पहनने पर बैन लगाया था। इस निर्णय के विरोध में नौ लड़कियां बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंची। हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने पर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम आदेश में कॉलेज सर्कुलर लागू करने पर 18 नवंबर तक रोक लगा दी।

यहां जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ का कहना रहा, 'स्टूडेंट्स को क्या पहनना या क्या नहीं पहनना है, यह वही तय करेंगे। एजुकेशनल इंस्टीट्यूट स्टूडेंट्स पर अपनी पसंद नहीं थोप सकते।' पीठ ने मुस्लिम छात्रों के लिए "ड्रेस कोड" को लेकर जन्में नए विवाद के केंद्र में आए कॉलेज प्रशासन से कहा, ""छात्राओं को यह चयन करने की आजादी होनी चाहिए कि वे क्या पहनें और कॉलेज उन पर दबाव नहीं डाल सकता" यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपको अचानक पता चलता है कि देश में कई धर्म हैं"" अगर कॉलेज का इरादा छात्राओं की धार्मिक आस्था के प्रदर्शन पर रोक लगाना था, तो उसने "तिलक" और "बिंदी" पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया?

अब जरा उस सर्कुलर को भी देख लेते हैं, जो कॉलेज की ओर से जारी किया गया था, वस्तुतः इसमें तीन बिन्दुओं में बात रखी गई है- ""एक - छात्रों को परिसर में औपचारिक और सभ्य पोशाक पहननी चाहिए। वे हाफ शर्ट या फुल शर्ट और ट्राउजर पहन सकते हैं। लड़कियां कोई भी भारतीय या पश्चिमी पोशाक पहन सकती हैं। छात्रों को ऐसा कोई भी परिधान नहीं पहनना चाहिए जो धर्म या सांस्कृतिक असमानता को दशार्ता हो। नकाब, हिजाब, बुर्का, स्टोल, टोपी, बैज आदि को ग्राउंड फ्लोर पर कॉमन रूम में जाकर उतारना होगा और उसके बाद ही वे पूरे कॉलेज परिसर में घूम सकते हैं। जींस, टी-शर्ट, रिवीलिंग ड्रेस और जर्सी की अनुमति नहीं है। दो- अपने व्याख्यान / प्रैक्टिकल के लिए समय से पहले पहुंचें। तीन- 75% उपस्थिति अनिवार्य है। शिक्षा में अनुशासन सफलता की कुंजी है"" यहां गहराई से देखने पर कहीं प्रतीत नहीं हो रहा है कि एक विशेष समुदाय को टार्गेट करके यह आदेश महाविद्यालयों ने निकाला था।

हालांकि हम मानकर चलते हैं कि जिस "बिंदी" का न्यायालय हवाला दे रहा था, उसके बारे में न्यायालय को भलीभांति पता ही होगा कि सिर्फ हिन्दू युवतियां ही "बिंदी" नहीं लगातीं, उसे तो अन्य तमाम मत, पंथों, रिलीजन, मजहब को माननेवाली महिलाएं भी लगाती हैं। यानी बिंदी की सार्वजनिक स्वीकृति है। तिलक भी बिंदी की तरह ही एक भाग है, फिर कोर्ट को यह भी पता ही है कि सिख पगड़ी पहनते हैं, उन्हें ये अधिकार सार्वजनिक रूप से हर जगह सामाजिक स्वीकृति के तहत पूरी तरह से मान्य किया गया है। फिर यह स्वीकार्यता इसलिए भी है क्योंकि भारत की सिख आबादी 20.8 मिलियन है, जो देश की कुल संख्या का केवल 1.72%है। इसका अर्थ है कि एक कक्षा में एक छात्र या अधिकतम दो ही मुश्किल से सिख होंगे, किंतु क्या यह मुसलमानों पर लागू होता है। वह तो देश की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29, 30, 350ए तथा 350बी में "अल्पसंख्यक" शब्द का प्रयोग किया गया है लेकिन इसकी परिभाषा कहीं नहीं दी गई है। यह विडंबनापूर्ण स्थिति है कि कहीं पर कोई समुदाय जो 96, 98 प्रतिशत है वह अल्पसंख्यक है और वहीं, किसी राज्य में 2 प्रतिशत आबादी वाले लोग बहुसंख्यक हैं और अल्पसंख्यक को मिलने वाले लाभ से वंचित हैं। संयुक्त राष्ट्र की परिभाषा के अनुसार, "ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा" किंतु क्या यह परिभाषा भारत में रह रहे मुसलमानों पर लागू होती है ? अल्पसंख्यक की अब तक कि परिभाषाएं उठाकर देखें, इनमें साफ है कि दो प्रतिशत या अधिकतम 10 प्रतिशत से कम कुल जनसंख्या का अल्पसंख्यक समुदाय कहलाएगा, पर भारत में मुसलमान जैसा कि वे स्वयं कहते हैं कि 20 करोड़ से अधिक हैं, जोकि स्वभाविक तौर पर कुल जनसंख्या का 14 प्रतिशत या इससे कुछ अधिक हो जाता है।

दूसरी ओर राज्यीय स्तर पर भी इसकी समीक्षा की जाए तो हिंदू जो राष्ट्रव्यापी आंकड़ों के अनुसार एक बहुसंख्यक समुदाय है, पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों और जम्मू कश्मीर में अल्पसंख्यक है। लक्षद्वीप में 96.20%और जम्मू-कश्मीर में 68.30%मुसलमान हैं, जबकि असम (34.20%), पश्चिम बंगाल (27.5%), केरल (26.60%), उत्तर प्रदेश (19.30%) और बिहार (18%) में भी इनकी अच्छी-खासी जनसंख्या है फिर भी इन्हें अल्पसंख्यक का दर्जा मिला हुआ है और वे इसका लाभ ले रहे हैं। दूसरी ओर वे समुदाय, जो वास्तविक रूप से अल्पसंख्यक हैं, राज्य स्तर पर अल्पसंख्यक का दर्जा प्राप्त न होने के कारण लाभ से वंचित हैं। विडम्बना देखिए, लक्षद्वीप में मात्र दो प्रतिशत हिंदू हैं लेकिन वे वहाँ अल्पसंख्यक न होकर बहुसंख्यक हैं और 96% प्रतिशत आबादी वाले मुसलमान अल्पसंख्यक हैं। ईसाई मिजोरम, मेघालय, नगालैंड में बहुसंख्यक हैं जबकि अरुणाचल प्रदेश, गोवा, केरल, मणिपुर, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल मे भी इनकी संख्या अच्छी है, इसके बावजूद ये अल्पसंख्यक माने जाते हैं। यह गैर-बराबरी है। इसे एड्रेस किये जाने की जरूरत है। किंतु हर उस मुद्दे में जिसमें न्यायालय को लगता है हस्तक्षेप करना चाहिए वह करती है, पर यहां इस मुद्दे पर वह अभी तक चुप नजर है।

यहां माननीय न्यायालय को भी समझना होगा कि उनका दिया गया निर्णय कानूनी स्तर पर ही नहीं तर्क सम्मत भी होना चाहिए। आप सोचिए, यदि किसी भी कक्षा में अकेले मुसलमान जोकि देश में आज के समय में 100 में 20 या इससे अधिक अलग-अलग राज्यों के हिसाब से कहीं-कहीं तो 96 और 68 प्रतिशत तक हैं, वह अपने मजहबी परिधान पहन कर कक्षा में पहुंचेंगे तो कक्षा की स्थिति क्या होगी, क्या यह कक्षा किसी पंथ निरपेक्ष श्रेणी में आएगी? जैसा कि संविधान हवाला देता है (परिभाषा धर्मनिरपेक्षता)। इसी तरह यदि हिन्दू और अन्य अल्पसंख्यक जहां भी जिस राज्य में बहुसंख्यक हैं वे अपने पारंपरिक पोशाकों में पाश्चात्य स्वीकृत शिक्षा व्यवस्था के संस्थानों में जाने लगे तब वहां कैसी स्थिति होगी। क्या यह स्थिति किसी सांस्कृतिक मेले या सामुदायिक मेले जैसी नहीं होगी? फिर वहां शिक्षा की एकरूपता एवं सामने से एक समान दिखनेवाली दृष्टि कैसे आएगी?

इस मामले में थोड़ा विचार उच्च न्यायालय पहुंचने के पहले बॉम्बे हाईकोर्ट के दिए निर्णय पर भी कर लेते हैं। दरअसल, छात्राओं की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि यह नियम उनके मजहब का पालन करने के मौलिक अधिकार, निजता और पसंद के अधिकार का उल्लंघन करता है। इस पर उच्च न्यायालय ने कहा कि सभी छात्रों पर ड्रेस कोड लागू है, चाहे वह किसी जाति या धर्म का क्यों न हो। ड्रेस कोड को अनुशासन बनाए रखने के लागू किया गया है। यह संविधान के तहत शैक्षणिक संस्थान की स्थापना और प्रशासन के मौलिक अधिकार के अनुरूप है। न्यायालय ने कहा- यह छात्रों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं है। इसी बयान के साथ कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया था। इससे पहले कर्नाटक में इसी तरह के विवाद पर 15 मार्च 2022 को कर्नाटक हाईकोर्ट ने कॉलेज यूनिफॉर्म को जरूरी बताया था ।

यहां प्रिंसिपल का तर्क भी समझना होगा- छात्रों को एडमिशन के समय ही बताया गया था कि छात्र ठीक-ठाक कपड़े पहनें। क्योंकि नौकरी मिलने के बाद भी उन्हें ऐसा ही करना होगा। साल के 365 दिनों में से छात्रों को मुश्किल से 120-130 दिन ही कॉलेज में रहना पड़ता है। इन दिनों ड्रेस कोड का पालन करने में उन्हें क्या परेशानी होनी चाहिए? छात्रों द्वारा कैंपस में अभद्र व्यवहार के कई मामलों के कारण ही प्रशासन को नया ड्रेस कोड लाना पड़ा। हालांकि अभी उच्चतम न्यायालय पीठ ने कहा है कि उसके अंतरिम आदेश का किसी के द्वारा दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए, फिर भी जो संदेश देशभर में दिया जाना चाहिए वह चला गया है और वह कहीं से भी यह नहीं दशार्ता कि ये समान रूप से सभी के हित में है। अब जब सुप्रीम कोर्ट में ड्रेस कोड पर बहस हुई है तो उसे अन्य शिक्षण संस्थानों की सदइच्छा और भावना को भी समझना चाहिए, यहां यही कहना है।

# श्रद्धा की अभिव्यक्ति श्राद्ध

हृदयनारायण दीक्षित

श्रद्धा भाव है और श्राद्ध कर्मकाण्ड। श्रद्धा मन का प्रसाद है। प्रसाद आंतरिक आनंद देता है। पतंजलि ने श्रद्धा को चित्त की स्थिरिता या अक्षोभ से जोड़ा है। श्रद्धा की दशा में क्षोभ नहीं होता। श्रद्धा की अभिव्यक्ति श्राद्ध है। भारतीय विद्वानों ने श्रद्धा भाव को श्राद्ध कर्म बनाया। पिता, पितामह और प्रपितामह के लिए अन्न, भोजन, जल आदि के अर्पण तर्पण का कर्मकाण्ड बनाया। श्रद्धा है कि अर्पित किया गया भोजन पितरों को मिलता है। वे प्रसन्न होते हैं और सन्तति को सभी सुख साधन देते हैं।

हम भारतवासी वरिष्ठों, पूर्वजों के प्रति श्रद्धालु रहते हैं। संप्रति पितर पक्ष है। इस समय को पितरों के प्रति श्राद्ध के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। लोक मान्यता है कि इस पक्ष में पूर्वज पितर आकाश लोक आदि से उतर कर धरती पर आते हैं। हम पूरे वर्ष तमाम गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं। इसी में 15 दिन पितरों के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के हैं। वैदिक निरूक्त में श्रत और श्रद्धा को सत्य बताया गया है। पितरों का आदर मानवीय गुण है। हम पितृपंक्ति का विस्तार हैं। वे थे, इसलिए हम हैं। उन्होंने पालन-पोषण दिया, स्वयं की महत्वाकांक्षाएं छोड़ी। उन्होंने हमारी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए तमाम कर्म किए। वे नमस्कारों के योग्य हैं। वे श्रद्धेय हैं।

कुछ विद्वान कहते हैं कि ऐसे कर्मकाण्ड वैज्ञानिक दृष्टिकोण की संगति में नहीं आते। वे अंधविश्वास जान पड़ते हैं लेकिन कर्मकाण्ड निराधार नहीं होते। सभ्य समाज में पितरों का आदर होना ही चाहिए। श्राद्धकर्म की वैज्ञानिकता की बहस पुरानी है। मत्स्य पुराण (19.2) में प्रश्न है कि श्राद्ध का भोजन पुरोहित या अग्नि को अर्पित होता है, क्या वह मृत पूर्वजों द्वारा खाया जाता है? जो मृत्यु के बाद अन्य शरीर धारण कर चुके होते हैं?" इस प्रश्न का उत्तर भी दिया गया है, "पिता, पितामह और प्रपितामह को वैदिक मंत्रों में क्रमशः वसु, रूद्र और आदित्य देव के समान माना गया है। वे नाम परिचय सहित उच्चारण किए गए मंत्रों आहुतियों को पितरों के पास ले जाते हैं। यदि पितर सत्कर्म के कारण देवता हो गए हैं तो वह भोजन आनंद रूप में उनके पास पहुंचता है, यदि पशु हो गए हैं तो भोजन घास हो जाता है यदि सर्प जैसे रेंगने वाली योनि में हैं तो यह भोजन वायु आदि के रूप में उन्हें मिलता है।

मत्स्य पुराण के प्रश्न तत्कालीन समाज के जिज्ञासुओं के तर्क हैं। प्रश्नों के उत्तर श्राद्ध समर्थकों के स्पष्टीकरण हो सकते हैं। श्रद्धा कर्म परम्परा पुरानी है और पुनर्जन्म पर विश्वास भी प्राचीन है। ऋग्वेद में पुनर्जन्म की चर्चा है लेकिन संतानों द्वारा प्रेषित भोजन पितरों को मिलने की धारणा में पुनर्जन्म सिद्धांत का मेल नहीं है। पहले बात साफ थी कि मृतात्माएं श्राद्धकर्म का भोजन पाती हैं। पुनर्जन्म सिद्धांत के कारण आत्मा के नए शरीर धारण की बात आई। आर्य समाज श्राद्धकर्म के पक्ष में नहीं है। बेशक उसने वैदिक दर्शन को प्रतिष्ठा दी। उसके सामने ऋग्वेद में पितरों के उल्लेख की समस्या थी। आर्य समाज ने ऋग्वैदिक पितरों को मृत नहीं माना। उन्हें जीवित वानप्रस्थी बताया। समस्या शतपथ ब्राह्मण के रचनाकार के सामने भी थी। यहां मंत्र है "यह भोजन पिता जी आपके लिए है" याज्ञवल्क्य की व्यवस्था है "वसु, रूद्र और आदित्य हमारे पितर हैं। वे श्राद्ध के देवता हैं। पितरों का ध्यान वसु रूद्र और आदित्य के रूप में ही करना चाहिए। वृहदारण्यक उपनिषद् में याज्ञवल्क्य ने शाकल्य को रूद्र और वसु का वास्तविक अर्थ समझाया है। यहां पृथ्वी, आकाश आदि वसु हैं। प्राण, इन्द्रियां मन आदि रूद्र हैं। आदित्य प्रकाश हैं। पितर श्रद्धा यहां प्रकृति की शक्तियों के प्रति समर्पित दिखाई पड़ती है।

ऋग्वेद के दसवें मण्डल (सूक्त 14) में मृत पितरों पर रोचक विवरण है। कहते हैं "यम (नियम) व्यवस्था को कोई बदल नहीं सकता। जिस मार्ग से हमारे पूर्वज गये हैं, उसी मार्ग से सभी मनुष्य जायेंगे। अन्ततः सबको यम के पास जाना ही पड़ता है" मृत पिता से कहते हैं "जिस पुरातन मार्ग से पूर्वज पितर गये हैं, आप भी उसी से गमन करें" फिर यज्ञ कर्म की चर्चा है। यम से प्रार्थना है कि "आप अंगिरा आदि पितरजनों सहित हमारे यज्ञ में आएं" आगे (सूक्त 15) पितरों को नमस्कार निवेदन करते हैं, "जो पितामह आदि पितर पूर्वज या उसके बाद मृत्यु को प्राप्त पितर हैं, या जो फिर से उत्पन्न हो गए हैं। उन सबको नमस्कार है। इदं पितृभ्यो नमः अस्त्वद्य ये पूवासी या उपरास ईयुः" फिर कहते हैं, "हे पितरों! हमारे आवाहन पर आप आएं। यज्ञशाला में दक्षिण की ओर कुश में बैठें" पूर्वजों पितरों का सम्मान और मृत होने के बावजूद उन्हें स्मरण करना आनंददायी है। उप्र में विवाह के एक दिन पूर्व महिलाएं लोक गीत गायन करती हैं, गीत में मृत पितरों को निमंत्रण है कि आप सब इस विवाह में आओ। बरात चलो। विवाह में आशीष दो। शास्त्र पुराना है या लोक? कह नहीं सकता। पितरों को निमंत्रण देने वाला लोकगीत पुराना है या ऋग्वेद के पितर सम्बंधी मंत्र? सच क्या है? मैं नहीं जानता पर मृत पितरों को जीवंत जानना स्मरण करना आह्लादकारी है।

कर्मकाण्ड में भी इच्छा या अनिच्छापूर्वक रमते हुए सत्य की जिज्ञासा संभव है। कर्मकाण्ड सचेत भी हो सकते हैं और अचेत भी। दोनों ही स्थिति में अनायास कुछ नया घटित हो सकता है। मृत पितर मृत ही हैं। भारतीय चिन्तन में सूक्ष्म शरीर का अस्तित्व भी जाना गया है। सूक्ष्म शरीर पर भी प्रश्न उठाए जा सकते हैं। भोजन अर्पण शुद्ध श्रद्धा है। उन्हें मिलता है कि नहीं? ऐसे प्रश्न महत्वपूर्ण होकर भी श्रद्धा के सामने छोटे हैं। हम स्वाभाविक ही पूर्वजों की निन्दा में क्रोध करते हैं। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने इसी विषय पर सुंदर उदाहरण सुनाया था। कथा के अनुसार एक श्रद्धालु पितृ श्राद्ध कर रहे थे। तार्किक ने पूछा कि क्या यह भोजन उन्हें ही मिलेगा? श्रद्धालु ने प्रश्नकर्ता के पिता को गाली दी। प्रश्नकर्ता गुस्से में आ गया। श्रद्धालु ने कहा कि आप बेकार गुस्से में हैं। आपके पिता तक यह गाली तो पहुंची ही नहीं। वे मृत हैं इसलिए गाली उन्हें मिल भी नहीं सकती। प्रश्नकर्ता निरूत्तर थे। श्राद्ध श्रद्धा की ही अभिव्यक्ति है। श्रद्धा के कारण ही पत्थर में भी शिव दर्शन की संभावनाएं हैं।

श्रद्धा प्रगाढ़ भाव है। यह अंधविश्वास नहीं है। इसकी अपनी उपयोगिता है। श्रद्धालु विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य नहीं खोते। ऋग्वेद में श्रद्धा को देवता कहा गया है। वरिष्ठजनों के प्रति आदरभाव श्रेष्ठ सामाजिक संगठन की आधारशिला है। वरिष्ठ और पूर्वज हमसे पहले से इस संसार में हैं। उनके अनुभव प्रगाढ़ हैं। माथापच्ची बेकार है कि वे भोजन या सम्मान चाहते हैं कि नहीं चाहते। मूल बात यही है कि हम उन्हें सम्मान और श्रद्धा भाव देकर स्वयं का आत्मबल बढ़ाते हैं और सामाजिक कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। संप्रति वरिष्ठों का सम्मान घटा है। मृत माता-पिता के प्रति श्रद्धा दूर की बात है, जीवित माता-पिता भी फफक रहे हैं। श्राद्ध सामान्य कर्मकाण्ड नहीं है। हमारे पूर्वजों ने ही सुंदर समाज के लिए ऐसे सुंदर कर्मकाण्ड को गढ़ा है। इस कर्मकाण्ड में स्वयं के भीतर पूर्वजों के प्रवाह का पुनर्सृजन संभव है। अग्रजों, मार्गदर्शक, पूर्वजों और मंत्रद्रष्टा पितरों को नमस्कार करते मन नहीं अघाता। ऋग्वेद के ऋषि ने सही गाया है-इदं नमः ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृभ्यः। (लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

## आज का राशिफल

मेष : रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में संक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-8-9

वृष : कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-6-7

मिथुन : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थाड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

कर्क : परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। शुभांक-5-7-8

सिंह : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

कन्या : शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-7

तुला : कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

वृश्चिक : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-7-9

धनु : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

मकर : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। शुभांक-3-4-6

कुंभ : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-4-7-9

मीन : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-3-5-7

## श्री गणेश उत्सव आयोजनों पर जिहादी हमलों से विश्व हिंदू परिषद आहत : डा. राजकमल

मुरादाबाद, 19 सितम्बर (हि.स.)। विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ राजकमल गुप्ता ने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि देशभर में हुई डेढ़ दर्जन से अधिक स्थानों पर श्री गणेश उत्सवों के आयोजनों पर हुए जिहादी हमलों से विश्व हिंदू परिषद आहत हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि इस्लामिक कट्टरपंथी काफिरोफोबिया से बाहर निकल तथा अन्य हिंदू त्योहारों की शोभायात्राओं पर भी हमले हुए हैं।

डा. राजकमल ने कहा कि हिंदू समाज पर ये हमले केवल हिंदू त्योहारों पर ही नहीं अपितु, मोहर्रम, ईद-ए-मिलाद व बारावफात जैसे मुस्लिम कार्यक्रमों के दौरान भी होते हैं। ये सभी हमले घोर निंदनीय और असहनीय हैं। अब बहुत हो चुका है। अब इस्लामिक कट्टरपंथियों को काफिरोफोबिया से बाहर



कर हमारी धार्मिक यात्राओं व अन्य आयोजनों पर हमलों से बाज आ जाये। यह लोग हिंदुओं के सब्र की और परीक्षा न लें।


डॉ राजकमल गुप्ता ने आगे कहा कि हाल ही में देश में गणपति विसर्जन के 18 से अधिक पवित्र कार्यक्रमों पर जिहादियों के द्वारा हमले किए गए। इसके अलावा बहुत से स्थानों पर जगह-जगह भगवान गणपति जी की प्रतिमा को खंडित करने का दुस्साहस भी किया गया। पूर्व में रामनवमी, महावीर जयंती, तिरंगा यात्रा निकलना चाहिए। यह लोग हिंदुओं के सब्र की और परीक्षा न लें।

उन्होंने कहा कि जिहादी कहते हैं कि तथाकथित विशेष मोहल्लों और धार्मिक स्थलों के सामने की सड़कों से हिंदू शोभा यात्रा नहीं निकालनी चाहिए। इनको मद्रास उच्च न्यायालय ने सही व सटीक जवाब दिया था। मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि कुछ लोग भले ही सांप्रदायिक हो सकते हैं, लेकिन देश की सड़कें धर्मनिरपेक्ष हैं, जिसका सभी उपयोग करते हैं।

# राष्ट्रीय सीनियर वुशू प्रतियोगिता के लिए 39 सदस्यों का हुआ चयन, सुनील कुमार व रामदास होंगे कोच

## 33वीं राष्ट्रीय सीनियर वुशू प्रतियोगिता में 39 सदस्यीय उत्तर प्रदेश टीम करेगी प्रतिभाग

लखनऊ, 19 सितम्बर (हि.स.)। आगामी 33वीं राष्ट्रीय सीनियर वुशू प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए उत्तर प्रदेश की 39 सदस्यीय टीम का चयन कर लिया गया है। चयनित खिलाड़ियों को चौक स्टेडियम में आयोजित 15 दिवसीय शिविर के समापन के बाद उप क्रीड़ा अधिकारी अरविंद कुमार कुशवाहा ने किट प्रदान करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। उत्तर प्रदेश की चयनित टीम की घोषणा उत्तर प्रदेश वुशू एसोसिएशन के महासचिव मनीष कक्कड़ ने करते हुए बताया कि 33वीं राष्ट्रीय सीनियर वुशू प्रतियोगिता दिनांक 21 से 26 सितंबर तक देहरादून (उत्तराखंड) में आयोजित होगी।



प्रतियोगिता के लिए चयनित 39 सदस्यीय उत्तर प्रदेश टीम में 24 पुरुष व 15 महिला खिलाड़ी चयनित किए गए हैं। इसमें ताओलू वर्ग 20 और सांडा वर्ग में 19 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। यूपी टीम के कोच सुनील कुमार प्रजापति व रामदास रावत एवं मैनेजर पंकज जयसवाल व कपिल कुमार होंगे। उत्तर प्रदेश टीम 20 सितंबर को देहरादून के लिए रवाना होगी।

टीम में चयनित सभी खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है

महिला ताउलू :- रश्मि गुप्ता, मेनिका सिंह, कविता (लखनऊ), साक्षी जौहरी (मेरठ), अदिति, सोनी नागर, गिन्नी भाटी, (गौतमबुद्धनगर)।

पुरुष ताउलू :- आदित्य गौतम, आशुतोष सिंह, इरफान, हरी किशन मौर्य (लखनऊ), दीपक लामा, कृष शर्मा, सचिन, हरिओम (गौतमबुद्धनगर), ऋतिक कुमार (मेरठ), भानु सिंह (आगरा), रवि सूर्यवंशी, मोहित थापा (उत्तर प्रदेश पुलिस), रौनक (गाजियाबाद)।

पुरुष सांडा :- संतोष मिश्र (गाजियाबाद), अवनीश यादव (जौनपुर), उचित शर्मा (मेरठ), केशव शर्मा (गाजियाबाद), विशु (बागपत), सूरज यादव, अमन, ऋषभ नागर (उत्तर प्रदेश पुलिस), अंशुमान (मुज्जफरनगर), अभिषेक, प्रीत (गौतमबुद्धनगर)।

महिला सांडा :- बुलबुल, नैना, स्नेहा (मेरठ), लिमसी (बुलंदशहर), दिव्यांशी (लखनऊ), हुमा खान, प्रेरणा, श्रुति (उत्तर प्रदेश पुलिस)।

# लखनऊ-कानपुर हाईवे के किनारे खुलेगा चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का नया परिसर

लखनऊ, 19 सितंबर (हि.स.)। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए उन्नाव जिले में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दे दी है। गुरुवार को उच्च शिक्षा मंत्री



योगेंद्र उपाध्याय ने सचिवालय में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (सीयू) इंटरनेशनल एजुकेशनल ट्रस्ट, चंडीगढ़ के प्रतिनिधियों को चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्राधिकार पत्र सौंप दिया। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का यह नया परिसर लखनऊ-कानपुर हाईवे के किनारे स्थापित होगा, जो उन्नाव और आसपास के जिलों के छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर साबित होगा। यह विश्वविद्यालय उन्नाव जिले के ग्राम पदसंदन, परगना गोरिन्दा परसंदन, तहसील हसनगंज में 63.53 एकड भूमि पर निजी क्षेत्र के तहत स्थापित किया जाएगा।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी होगा कदम

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार का यह निर्णय प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित होगा। इससे न केवल प्रदेश के छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिलेगी, बल्कि इससे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखा जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार लगातार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और विस्तार के लिए प्रयासरत है। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की उन्नाव में स्थापना प्रदेश के शिक्षा जगत में एक नया अध्याय साबित होगी। इससे प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और गुणवत्ता में वृद्धि होगी, जो उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार और भविष्य के बेहतर अवसर लेकर आएगी। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, उन्नाव की स्थापना से छात्रों को अत्याधुनिक शिक्षा प्रणाली का लाभ मिलेगा। यह विश्वविद्यालय छात्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय प्रदेश के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा और उनके करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। जारी की गई अधिसूचना विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी द्वारा 19 सितंबर, 2024 को सीयू इंटरनेशनल एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव/चेयरमैन को एड्रेस करते हुए अधिसूचना जारी की गई है। इसके अनुसार, निजी क्षेत्र के अंतर्गत "चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, उन्नाव" का नाम उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (सातवां संशोधन) अध्यादेश, 2024 के तहत उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की अनुसूची-2 में क्रमांक 45 पर सम्मिलित किया गया है। इसके साथ ही चंडीगढ़ विश्वविद्यालय उन्नाव, उत्तर प्रदेश के संचालन की अनुमति भी प्रदान की गई है। इस अधिसूचना के तहत विश्वविद्यालय को राज्य सरकार से आधिकारिक मान्यता प्राप्त हो गई है। साथ ही विश्वविद्यालय से अपेक्षा की गई है कि वह प्राधिकार पत्र में उल्लिखित शर्तों के अधीन विश्वविद्यालय का संचालन करेगा।

# रायफल शूटिंग : बीएसएनबी इंटर कालेज के आदर्श रहे अव्वल, एसएमपीएस कॉलेज की लक्ष्मी रावत ने भी मारी बाजी

लखनऊ, 19 सितम्बर (हि.स.)। बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज काकोरी जनपदीय माध्यमिक विद्यालयी शूटिंग प्रतियोगिता बालक एवं बालिका




का आयोजन डी शार्प शूटर अकादमी,लखनऊ में किया गया। प्रतियोगिता में कुल छह विद्यालयों से 38 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। रायफल शूटिंग (ओपन साइड) बालक वर्ग प्रतियोगिता में अंडर-19 वर्ग में प्रथम स्थान आदर्श कुमार बी0 एस0 एन0 वी0 इण्टर कालेज, द्वितीय स्थान तौफीक खान बी. टी.एस. इण्टर कॉलेज, काकोरी एवं तृतीय स्थान सागर मौर्या बीएसएनवी इण्टर कॉलेज ने प्राप्त किया। अंडर-17 वर्ग में प्रथम स्थान राहुल कुमार बीएसएनवी इण्टर कालेज, द्वितीय स्थान शौर्य श्रीवास्तव बीएसएनवी इण्टर कालेज एवं तृतीय स्थान अभिषेक मिश्र बीएसएनवी इण्टर कालेज ने प्राप्त किया एवं अंडर-14 वर्ग में प्रथम स्थान प्रिंस बीटीएस काकोरी इंटर कॉलेज, द्वितीय स्थान विकास बीटीएस काकोरी इंटर कॉलेज एवं तृतीय स्थान पीयूष यादव एसएमपीएस कॉलेज ने प्राप्त किया।

इसी प्रकार बालिका वर्ग में अंडर-17 वर्ग में प्रथम स्थान लक्ष्मी रावत एसएमपी एस कॉलेज एवं अंडर-14 वर्ग में प्रथम स्थान साक्षी वर्मा एसएमपीएस कॉलेज ने प्राप्त किया।

पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में अंडर - 17 बालक वर्ग में सत्येंद्र चौबे राजकीय हुसैनाबाद इण्टर कॉलेज एवं सर्वजीत कुमार मा विंध्यवासनी इंटर कॉलेज लीलमथा, ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र का वितरण प्रधानाचार्य डॉ राजकुमार सिंह एवं डी शार्प शूटर अकादमी के प्रबंधक यशवेंद्र सिंह द्वारा किया गया। बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य द्वारा समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। उक्त प्रतियोगिता में विप्लव चौधरी, पुनीत रेडक्लिफ, आलोक भारद्वाज, प्रवीण कुमार शर्मा, सुनील कुमार, नीरज कुमार, विजय कुमार, राधा, ममता सिंह आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को 'मिशन कर्मयोगी' से जोड़ रही योगी सरकार

-मिशन कर्मयोगी के लिए केंद्र सरकार के पोर्टल पर यूपी के 94 हजार कर्मचारियों और अधिकारियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

लखनऊ, 19 सितंबर (हि.स.)। सरकारी कर्मचारियों



और अधिकारियों की क्षमता निर्माण (कैपेसिटी बिल्डिंग) को सुधारना और उन्हें भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार कुशल बनाने के लिए पीएम मोदी द्वारा शुरू किए गए मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश में तैनात

ज्यादा से ज्यादा सरकारी कर्मचारियों को इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके फलस्वरूप कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए स्थापित इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग (आईजीओटी) पोर्टल में 94 हजार से ज्यादा सरकारी कर्मचारी और

अधिकारी ऑनबोर्ड या रजिस्टर्ड हो चुके हैं। वहीं, 45 हजार से ज्यादा ने पाठ्यक्रम में अपना नामांकन कराया है, जिसमे करीब 29 हजार ने

कोर्स पूरा कर लिया है। इनमें करीब 6 हजार अधिकारी शामिल हैं। उल्लेखनीय है

कि 2 सितंबर, 2020 को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने "मिशन कर्मयोगी" को शुरू करने की मंजूरी प्रदान की थी।

अभियान चलाकर किया गया वर्कशॉप का आयोजन हाल ही में मुख्य सचिव के समक्ष उत्तर प्रदेश एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट (यूपीएएम) के प्रस्तुतिकरण में मिशन कर्मयोगी में उत्तर प्रदेश की भागीदारी की जानकारी दी गई। उपाम के डीजी वेंकटेश्वर लू और अपर निदेशक सुनील कुमार चौधरी ने यह प्रस्तुतिकरण दिया। अपर निदेशक सुनील कुमार चौधरी ने बताया कि आई-जीओटी पोर्टल पर प्रदेश के 43 विभागीय नोडल अधिकारी नामित किए जा चुके हैं। वहीं, 94 हजार से ज्यादा ऑफिशियल्स ऑनबोर्ड या रजिस्टर हो चुके हैं। 45 हजार से ज्यादा कोर्स इनरोलमेंट के साथ ही 28,881 ने कोर्स कंप्लीट कर लिया है।

इनमें 5,921 ऑफिशियल्स ने भी अपना कोर्स कंप्लीट कर लिया है। योगी सरकार ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रदेश के सभी सरकारी विभागों में कर्मचारी टू कर्मयोगी अभियान के माध्यम से वर्कशॉप्स का आयोजन किया, जिसके तहत प्रदेश के 14 ट्रेनिंग इंस्टीट्यूस में अभियान के तहत कर्मचारी टू कर्मयोगी ट्रेनिंग प्रदान की गई। वहीं, 10 जिलों में फील्ड विजिट करके वर्कशॉप्स का आयोजन किया गया। इसी तरह 8 विभागों में अब तक वर्कशॉप का आयोजन किया जा चुका है।

कार्यक्रमलागू करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा उपाम उत्तर प्रदेश में मिशन कर्मयोगी को लागू करने के लिए उत्तर प्रदेश एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट (उपाम) सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत उपाम से अपेक्षा की गई है कि वह प्रत्येक विभागों और राज्य के विभिन्न संगठनों के लिए नोडल अधिकारी और एमडीओ (टउड्ढ) को नामित करेगा। इसके साथ ही हर नोडल अधिकारी और एमडीओ को आईगॉट पोर्टल पर शामिल करेगा।

यही नहीं, प्रत्येक विभाग के सभी कर्मियों को नोडल अधिकारियों के माध्यम से पोर्टल पर शामिल किया जाएगा। इसके अलावा कर्मियों और पाठ्यक्रम सामग्री को विभागों द्वारा अपलोड करने के संबंध में मासिक बैठक का आयोजन करना और विभिन्न विभागीय नोडल अधिकारियों द्वारा पोर्टल पर अपलोड किए गए कर्मियों और पाठ्यक्रम सामग्री के ऑनबोर्डिंग की निगरानी करना भी उसकी प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल है।

कार्यकुशलता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है

उद्देश्य मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य सिविल सेवकों की कार्यकुशलता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाने पर केंद्रित है, ताकि वे देश की सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना बेहतर तरीके से कर सकें। इस मिशन के माध्यम से सिविल सेवकों के व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के लिए लगातार शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

मिशन कर्मयोगी के तहत, सरकार कर्मचारियों को नई तकनीक, नेतृत्व कौशल और प्रशासनिक सुधारों से परिचित कराती है, जिससे वे अधिक कुशलता और प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।

साथ ही इसमें विभिन्न स्तरों के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम शामिल हैं, ताकि वे अपने कार्यक्षेत्र में लगातार निपुणता प्राप्त कर सकें। इसके लिए आईगॉट कर्मयोगी पोर्टल निर्मित किया गया है, जहां सरकारी कर्मियों को उनकी योग्यता और कौशल को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों की सुविधा दी जाती है।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव पर आयी रिर्पोट वास्तव में भाजपाई रिपोर्ट : अखिलेश यादव

लखनऊ, 19 सितम्बर(हि.स.)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में पत्रकार वार्ता करते हुए वन नेशन, वन इलेक्शन पर बयान देते हुए कहा कि सामने आयी एक राष्ट्र, एक चुनाव की 18,626 पन्नों की रिपोर्ट, जिसे 191 दिनों में पूरा गया है, यह रिपोर्ट वास्तव में भाजपाई रिपोर्ट है।

केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश ने तमाम बातें कही। इसमें अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस बयान पर भी टिप्पणी की, जिसमें मुख्यमंत्री ने भेड़िया को गोली मारने के निर्देश दिये थे।

अखिलेश यादव ने कहा कि जंगली जानवरों की समस्या है तो उसके लिए विशेष टास्क फोर्स का गठन कर इस समस्या को उन्हें सौंप देना चाहिए। जानवरों के एनकाउंटर के स्थान पर जंगलों की अवैध कटाई रोकनी चाहिए।

वास्तव में सच्चाई तो यह है कि जब से भाजपा सत्ता में आयी है, बड़े पैमाने पर जंगल काटे जा रहे हैं।

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री तो मठाधीश मुख्यमंत्री है। हमारे समाजवादियों और खासकर मैंने कभी किसी संत, महंत, सन्यासी के बारे में कुछ नहीं कहा है। मेरे और उनके चेहरे को देखकर मिला लीजिए, कौन माफिया जैसा दिखता है स्वयं आकलन करिये।

# क्रिकेट : विशाल ने की शानदार बल्लेबाजी, पीएमसी ने जीता मैच

लखनऊ, 19 सितम्बर (हि.स.)। वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के तत्वावधान में डीपी फाउंडेशन द्वारा आयोजित 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि क्रिकेट टूनार्मेंट में पीएमसी ने विशाल व राज के उम्दा खेल से




हुसैनाबाद क्लब को 102 रन से हराया। एलडीए स्टेडियम पर खेले गए अन्य मैचों में डालीगंज क्लब ने लवकुश नगर अभिराज इलेवन को 9 विकेट से और बीएलटीसी ने विकासनगर क्लब को 48 रन से शिकस्त दी। पीएमसी ने हुसैनाबाद क्लब के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 4 विकेट पर 168 रन बनाए। मैन ऑफ द विशाल ने 26 गेंदों पर 4 चौके व 9 छक्के से 82 रन की आतिशी अर्धशतकीय पारी खेली। राज ने 21 गेंदों पर 1 चौके व 4 छक्के से नाबाद 57 रन का योगदान किया। जवाब में हुसैनाबाद क्लब 7 विकेट के नुकसान पर 66 रन ही बना सका। पीएमसी से राज व रोहित को दो-दो विकेट की सफलता मिली। बेस्ट कैच का पुरस्कार पीएमसी के विशाल को मिला।

इस मैच के मैन ऑफ द मैच विशाल को वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरेश वाल्मीकि, आयोजन समिति के संरक्षक राजू नायब, कमल वाल्मीकि, चौधरी वीर सिंह व सचिव संजीव वाल्मीकि ने पुरस्कार प्रदान किया।

इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष वाल्मीकि अंकित घावरी, महामंत्री आशीष घावरी सहित सूरज वाल्मीकि, रमन कुमार, रूद्र कुमार व मोहम्मद रियाज व प्रत्यूष कुमार भी मौजूद थे।

पहले मैच में डालीगंज क्लब ने लवकुश नगर अभिराज इलेवन को 9 विकेट से हराया। लवकुश नगर अभिराज पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 ओवर में 43 रन पर सिमट गया। डालीगंज क्लब से मैन ऑफ द मैच विशाल को चार व आशीष को तीन विकेट की सफलता मिली। जवाब में डालीगंज क्लब ने 3.3 ओवर में 1 विकेट पर 44 रन बनाकर मैच जीत लिया।

जीत में सम्मोहन ने 35 रन जोड़े। बेस्ट कैच का पुरस्कार लवकुश नगर अभिराज के आकाश को मिला।

दूसरे मैच में बीएलटीसी ने विकासनगर क्लब को 48 रन से हराया। बीएलटीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 8 विकेट पर 141 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच अमित ने मात्र 19 गेंदों पर 3 चौके व 4 छक्के से 43 रन और अभिषेक ने 15 गेंदों पर 3 चौके व 3 छक्के से 34 रन जोड़े। विकासनगर क्लब से दिनेश को चार व अमन को दो विकेट की सफलता मिली।

जवाब में विकासनगर क्लब 9 विकेट पर 93 रन ही बना सका। बीएलटीसी से सावन को तीन व नीरज को दो विकेट की सफलता मिली। बेस्ट कैच का पुरस्कार बीएलटीसी के सचिन को मिला।

# गरीब परिवारों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ कराने में जुटी योगी सरकार

लखनऊ, 19 सितंबर (हि.स.)। गरीब परिवारों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके, इसे लेकर योगी सरकार लगातार काम कर रही है। इसी क्रम में राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के तहत गरीब और दुर्बल आय वर्ग के बच्चों को गैर सरकारी स्कूलों में प्रवेश दिलाने के लिए सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। सरकार ने ऐसे बच्चों की पढ़ाई को हर हाल में एक अप्रैल से शुरू कराने और प्रवेश सम्बन्धी सभी औपचारिकताओं को मार्च 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

चार चरणों में पूरा होगा चयन और प्रवेश दिलाने की कार्यवाही

योगी सरकार की यह तैयारी सत्र 2025-26 में अलाभित और दुर्बल परिवारों के होनहारों को अच्छी और निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा जारी दिशा निर्देश के मुताबिक यह प्रक्रिया चार चरणों में पूरी कराई जाएगी। प्रवेश दिलाने के लिए पात्र छात्रों के चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया अपनाई जा रही है। जिन दुर्बल परिवारों के बच्चों को गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्रवेश लेना है, उन्हें ऑनलाइन आवेदन करना होगा। चार चरणों में पूरा होने वाली इस प्रक्रिया में आवेदन की निर्धारित तिथि के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन किया जाएगा और उसके बाद लॉक हुए आवेदन



पत्रों की लॉटरी होगी। लॉटरी में निकले नामों को सूचीबद्ध कर विद्यालयों के आवंटन की सूची जारी कर दी जाएगी।

इन तिथियों में आवेदन का मौका

प्रत्येक चरण में पहली से 19 तारीख तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। प्रथम चरण में ऑनलाइन आवेदन के लिए 01 से 19 दिसंबर तक का समय निर्धारित है, जबकि दूसरा चरण 01 से 19 जनवरी 2025 और तीसरा और चौथा चरण क्रमशः 01 से 19 फरवरी तथा 01 से 19 मार्च 2025 निर्धारित है। गौरतलब है कि आवेदनों के प्राप्त होने बाद प्रत्येक चरण की 20 से 23 तारीख के बीच सम्बन्धित बीएसए द्वारा उनका सत्यापन कर उन्हें लॉक करने की कार्यवाही की जाएगी। 24 तारीख को लाटरी और 27 तारीख को चयनित छात्रों के प्रवेश के लिए गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के आवंटन की सूची जारी कर दी जाएगी।

इस सम्बन्ध में बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि पिछले सत्र में जुलाई माह तक इनके प्रवेश की प्रक्रिया चलती रही। इससे इनकी पढ़ाई प्रभावित हुई थी, लेकिन अब हमने अलाभित समूह व दुर्बल परिवारों के बच्चों के गैर सहायतित विद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया हर हाल में मार्च तक पूरा करने व चयनित बच्चों को प्रवेश दिलाने का निर्णय लिया है ताकि, पहली अप्रैल से इनकी विधिवत पढ़ाई शुरू हो सके।

# कानपुर में घर के अंदर फंदे से लटका मिला युवक का शव

कानपुर, 19 सितम्बर(हि.स.)। सचेंडी थाना क्षेत्र के सीपी नगर भौती प्रतापपुर गांव में गुरुवार को घर के अन्दर पोल से लटका हुआ एक युवक का शव पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएग।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम जोन राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सचेंडी के सीपी नगर भौति प्रतापपुर निवासी अविनाश कुमार 20 पुत्र प्रेम नाथ का शव गुरुवार को घर के अंदर फंदे से लटका पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराए जाएगा। इस संबंध में परिवार से तहरीर लेकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

## नेशनल जोइन सेकेट्री के पद पर ताहिर हुसैन नियुक्त

सासनी/मडराक- 19 सितंबर। अलीगढ़ महानगर के खैर रोड़ स्थित रुपा मार्केट प्रांतीय कार्यालय पर स्टैंड प्रेजिडेंड ताहिर हुसैन नेशनल जोइन सेकेट्री के पद पर नियुक्ति किए जाने पर टीम मैम्बर्स में खुशी की लहर दौड गई। जिसे लेकर टीम सदस्यों ने ताहिर हुसैन का जोशीला स्वागत किया।

गुरूवार को समस्त टीम मेम्बर्स ने कार्यालय पर पहुंचकर ताहिर हुसैन का पगड़ी बांधकर एवं पुष्पहार पहनाकर जोशीला स्वागत किया। साथ ही उन्हें बुके भेंट किए और पटका पहनाकर मिठाई खिलाई। सभी ने ताहिर हुसैन को प्रगतिशील होने तथा उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रांतीय कार्यालय पर किशोर वर्मा, रिंकू बघेल आजाद, निगहत परवीन, सुमन गौतम, विजय कुमार, आमिर खान, मुन्ना खान, रहनुमा, शारिक जी, जुएब खान, दिलीप कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हुनरमंद कामगारों को कौशल का प्रमाण पत्र देगा मुक्त विवि : प्रो. सत्यकाम

प्रयागराज, 19 सितम्बर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थी एक साथ दो डिग्रियां हासिल कर सकते हैं। ऐसे कामकाजी



महिलाएं एवं पुरुष जिनके पास अभी तक स्नातक-स्नातकोत्तर की उपाधि नहीं है वे सेवारत रहते हुए मुक्त विवि से आसानी से उपाधि (डिग्री) अर्जित कर सकते हैं।

उक्त विचार कुलपति प्रो. सत्यकाम ने गुरूवार को मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र जगतपुर पी.जी. कॉलेज, जगतपुर, वाराणसी में मुक्त विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा के अवसर-शिक्षा से रोजगार तक विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुक्त विवि का कार्य क्षेत्र सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश है। विश्वविद्यालय पूरे उत्तर प्रदेश में रोजगार परक एवं कौशल पूर्ण शिक्षा देने के लिए कटिबद्ध है। समाज में अभी भी बहुत से ऐसे हुनरमंद कामगार हैं जिनके पास कौशल का प्रमाण पत्र नहीं है। मुक्त विवि ने उन्हें कौशल युक्त प्रमाण पत्र देने का बीड़ा उठाया है। इसके लिए समाज को जागरूक करने के लिए विश्वविद्यालय ने वाराणसी क्षेत्र केन्द्र एवं जगतपुर पीजी कॉलेज को यह जिम्मेदारी सौंपी है।

संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि वाराणसी क्षेत्रीय केंद्र के क्षेत्रीय समन्वयक डॉक्टर एस के सिंह ने कहा कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को नियमित पाठ्यक्रम के साथ-साथ मुक्त विवि द्वारा आयोजित रोजगार एवं कौशलपरक कार्यक्रमों में प्रवेश लेना चाहिए जिससे उनको रोजगार के अधिक से अधिक अवसर प्राप्त हो सकें।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि ह्लराष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020ह्ल के क्रियान्वयन में मुक्त विश्वविद्यालय अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो रमेश चन्द ने कहा कि जो विद्यार्थी नियमित रूप से अध्ययन नहीं कर पाते हैं उनको मुक्त विवि एक आशा की किरण के रूप में दिखाई पड़ता है।

मुक्त विवि के पीआरओ डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि संगोष्ठी में भारत सरकार के ह्लस्वच्छता ही सेवा 2024ह्ल पखवाड़ा कार्यक्रम की संयोजिका डॉ लक्ष्मी सिंह ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, प्राचार्य, निदेशक तथा सभी प्राध्यापक एवं प्राध्यपिकाओं सहित छात्र-छात्राओं को ह्लस्वच्छता शपथह्ल दिलाई। संचालन डॉ विनय प्रकाश शर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन अध्ययन केंद्र के समन्वयक एवं संयोजक डॉ नंदलाल शर्मा ने किया। संगोष्ठी में महाविद्यालय के निदेशक प्रो. निलय कुमार, प्रो. पुष्पा सिंह, डॉ कृपाशंकर सिंह, डॉ संजय कुमार उपाध्याय, डॉ चंद्रशेखर पांडेय, डॉ सारिका सिंह, डॉ अंकुर राय, डॉ आशीष कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# प्रो. विजयदेव नारायण साही उर्दू और फारसी के विद्वान : सुस्मिता

## -पगडंडी बनाते हैं साहसी पथिक के पदचि : प्रो.संगीता श्रीवास्तव

### -यूनिवर्सिटी आफ इलाहाबाद एलुमिनाई एसोसिएशन की ओर से एलुमिनाई संवाद श्रृंखला प्रारम्भ

प्रयागराज, 19 सितम्बर (हि.स.)। इविवि में यूनिवर्सिटी आफ इलाहाबाद एलुमिनाई एसोसिएशन की ओर से गुरुवार को एलुमिनाई संवाद श्रृंखला प्रारम्भ हुई। मुख्य वक्ता और लेखिका रंगकर्मी सुस्मिता साही ने प्रो. विजयदेव नारायण साही के कृतित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि प्रो. साही उर्दू और फारसी के विद्वान थे। उन्होंने कभी हिन्दी नहीं पढ़ी, लेकिन ज्यादातर लेखन हिन्दी में किया।

उन्होंने बताया कि प्रो. साही ने सदैव उत्तर छायावाद का विरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रो. विजयदेव नारायण साही पर इविवि के प्रो. एससी देव, डॉ. राम मनोहर लोहिया और आचार्य नरेंद्र देव का अधिक प्रभाव था। शिक्षा को भारतीय दृष्टिकोण से पढ़ाने के लिए उन्होंने काशी विद्यापीठ में पढ़ाने का निर्णय लिया। सामाजिक सुधार के लिए बनारस और भदोही के मजदूरों को संगठित किया। मजदूर आंदोलनों के बाद उनकी लेखनी में बड़ा बदलाव आया।

1952 में दोबारा साहित्य सृजन में लौटे तो उनकी कविताओं में समाज का दर्द छलकने लगा। इमरजेंसी के दौरान अपनी गजल सरासर लुट रहा है, काफिला बचकर कहां जाएह्लह्ल से प्रो. साही ने अपना विरोध व्यक्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वरिष्ठ कवि और आलोचक प्रो. राजेंद्र कुमार ने फिराक गोरखपुरी और प्रो. विजयदेव नारायण साही में सामाजिक, राजनीतिक और साहित्यक समानताओं का जिक्र किया। बताया कि ह्यपरिमलह्ल संस्था के माध्यम से हिन्दी के अध्यापक धर्मवीर भारती और अंग्रेजी के शिक्षक प्रो.साही ने ह्यनई कविताह्ल की सदैव वकालत की। जब ये दोनों मिलते तो ऐसा लगता कि अंग्रेजी हिन्दी को गले लगा रही है। उन्होंने कहा कि प्रो. साही कहते थे कि कालीदास सदैव कल्पना के पंखों पर सवार होकर उड़ान भरते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने युनिवर्सिटी आफ इलाहाबाद एलुमिनाई एसोसिएशन के पुनर्गठन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि साहसी पथिक के पदचिह्न पगडंडी बनाते हैं और समाज के लोग उसी पर चलते हैं। शिक्षक को भी ऐसा ही होना चाहिए, जो दूसरों के पथप्रदर्शक बनने का काम कर सके। हमें अपने महापुरुषों के बनाए रास्तों पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद हिन्दी राष्ट्रीय भाषा नहीं बन पाई और अंग्रेजी से पिछड़ गई। लेकिन इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शिक्षकों खासकर प्रो. विजयदेव नारायण साही और प्रो. हरिवंश राय बच्चन ने हिन्दी को पुनः प्रतिष्ठित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रो. साही अक्सर कहते थे कि अंग्रेजी मेरी पेट (आजीविका) की भाषा और हिन्दी मेरी मस्तिष्क की भाषा है। कविता ह्यतुरंताह्ल का जिक्र कर-के उन्होंने प्रो. साही की व्यंग शैली का जिक्र किया।

इविवि की पीआरओ प्रो. जया कपूर ने बताया कि यूनिवर्सिटी आफ इलाहाबाद एलुमिनाई एसोसिएशन के प्रेसिडेंट प्रो. हेरम्ब चतुर्वेदी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। संचालन प्रो. रचना आनंद गौड़ ने एवं एसोसिएशन के सचिव प्रो. कुमार वीरेंद्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस मौके पर कुलसचिव प्रो. आशीष खरे, डीन कॉलेज डेवलपमेंट प्रो. एनके शुक्ल, डीन साइंस प्रो. संजय सक्सेना सहित विभागाध्यक्ष और शिक्षक मौजूद रहे।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

प्रयागराज, 19 सितम्बर (हि.स.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हाल के दिनों में अमेरिका में एक इंटरव्यू के दौरान सिख धर्म पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर भाजपा कांग्रेस पर हमलावर है। विरोध स्वरूप भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय के पास एकत्र होकर कांग्रेस व राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि ऐसे देश व सिख धर्म विरोधी बयान पर राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त होनी चाहिए। विदेशी धरती पर भारत का अपमान करके कांग्रेस नेताओं की घृणित मानसिकता स्पष्ट हो चुकी है। भाजपा यमुनापार अध्यक्ष विनोद प्रजापति ने कहा कि कांग्रेस के चाल व चरित्र में देश के बाहर देश का अपमान करना है। ये ताजा प्रकरण इस बात का प्रमाण है। मोर्चा के हरिंदर पाल सिंह लाली ने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज होना चाहिए। सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि सिख धर्म के प्रति टिप्पणी घोर निंदनीय है।

इस अवसर पर अवधेश चंद्र गुप्ता, कुंज बिहारी मिश्रा, रवि केसरवानी, परमजीत सिंह बग्गा, जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, मनोज कुशवाहा, राजेश गोंड, जसविंदर सिंह, नवाब खान, बलजीत सिंह कोहली, लखविंदर सिंह, जसवीर सिंह, चंद्रा अहलूवालिया, मनु चावला, राकेश भारती, संजय श्रीवास्तव, प्रशांत शुक्ला, विवेक मिश्रा, मो शरीफ, शशि वार्ष्णेय, अंबुज त्रिपाठी, रोहित जायसवाल आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सोलहवीं बरसी पर बटला हाउस एनकाउंटर के न्यायिक जांच की उठायी मांग

जौनपुर ,19 सितंबर (हि.स.)। कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल के कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों की संख्या में गुरुवार को पहुंच कर प्रधानमंत्री से संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र को सौंपा। उन्होंने कहा कि 19 सितम्बर को बटला हाउस फर्जी एनकाउंटर कि सोलहवीं बरसी के मौके पर इस एनकाउंटर की न्यायिक जांच की मांग को लेकर राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया है। प्रधानमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन देते हुए बटला हाउस एनकाउंटर की न्यायिक जांच की मांग की गयी है।

राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल के अध्यक्ष ने कहा कि 2008 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के गृह मंत्री के इशारे पर दिल्ली पुलिस द्वारा सरकार की किरकिरी होने से बचाने व मुस्लिम नौजवानों को बलि का बकरा बनाने की नियत से साजिश रच कर 19 सितम्बर, 2008 को दिल्ली के बटला हाउस में फर्जी मुठभेड़ के दौरान दो बेकसूर मुस्लिम नौजवान आतिफ व साजिद के साथ एक जांबाज पुलिस इंस्पेक्टर को मौत के घाट उतार दिया गया था।

# डायरेक्टर उप्र स्थानीय निकाय ने कोर्ट को हुई असुविधा के लिए माफी मांगी

## -कहा, याची का पूरा भुगतान कर सम्बंधित क्लर्क को कारण बताओ नोटिस दी गई है

प्रयागराज, 19 सितम्बर (हि.स.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट में पेश डायरेक्टर उप्र स्थानीय निकाय लखनऊ ने अपने स्टाफ की लापरवाही से याची की ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण आदि के भुगतान में हुई देरी से कोर्ट को हुई असुविधा के लिए माफी मांगी और बताया कि सम्बंधित बाबू को कारण बताओ नोटिस दी गई है।

डायरेक्टर ने बताया कि याची के बकाये का पूरा भुगतान कर दिया गया है। अब कुछ बाकी नहीं है। याची के 2003 की नियमावली के तहत नियमितीकरण मामले में विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का समय मांगा।

यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार ने परमानंद किशोर की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है।

याचिका पर कोर्ट ने डायरेक्टर की हाजिरी माफी की अर्जी स्वीकार करते हुए निस्तारित कर दी। याची ने सेवा नियमितीकरण सहित ग्रेच्युटी आदि का भुगतान करने की मांग की है।

# क्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत

जालौन, 19 सितम्बर (हि.स.)। जालौन के उरई कोतवाली क्षेत्र के रामकुंड के पास एक वृद्ध महिला सड़क पार कर रही थी, तभी एक क्रेन की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद वहां पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में लेकर महिला को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

बता दें कि, पूरा मामला उरई कोतवाली क्षेत्र के रामकुंड का है। यहां सड़क पार कर रही 65 वर्षीय वृद्ध महिला क्रेन की चपेट में आ गई। जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गई। घटना के बाद वहां पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। घायल महिला की हालत देखकर पुलिस ने महिला को तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई।

उरई कोतवाली प्रभारी ने अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि गुरूवार की सुबह की वक्त यह दर्दनाक हादसा हुआ। पुलिस को सूचना मिली थी मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नदी के उफान से पांच फीट रपटे के ऊपर बह रहा पानी

हमीरपुर, 19 सितम्बर (हि. स.)। जिले के मौदहा क्षेत्र में मंगलवार को हुई भारी बारिश के बाद मौदहा क्षेत्र में नदी नालों का जलस्तर बढ़ गया है। इसी के चलते मौदहा सिसोलर मार्ग पर स्थित पढ़ोरी गांव में चंद्रावल नदी पर बने रपटा के ऊपर पानी आने से आवागमन ठप हो गया है। दर्जनों गांवों का मौदहा कस्बे से सम्पर्क कट गया है। आवश्यक सेवाओं के लिए लोगों को लम्बा चक्कर लगा कर कस्बे आना पड़ रहा है।

पढ़ोरी रपटा में लगभग पांच फीट रपटा से ऊपर पानी आने से पढ़ोरी गांव सहित सिसोलर एवं इसके आसपास के गांवों खैरी, बम्हरौली, ढीहाडेरा, भैसमरी, लेवा, पासुन, भटुरी, भभई, भुलसी, बक्छा, खैर, टोलामाफ एवं एक दर्जन से अधिक गांवों का तहसील मुख्यालय से सीधा सम्पर्क टूट गया है। लोगों को तहसील मुख्यालय पहुंचने के लिए बाया टिकरी अथवा परछछ अरतरा से घूमकर आना पड़ रहा है। जिस हिसाब से लगातार नदी का पानी बढ़ रहा है, उससे स्थित बिगड़ने का अंदेशा जताया जा रहा है। इतना ही नहीं पानी के लगातार बढ़ने से नदी किनारे पैदा की जाने वाली सब्जियों की फसलें डूब गई हैं। सब्जी पैदा करने वाले किसानों का लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। साथ ही आवश्यक सेवाएं भी प्रभावित हो गई हैं। साथ ही अगर गुरुवार को भी पानी बरस जाता है तो स्थिति भयावह होने का अंदेशा जताया जा सकता है।

# मेरठ में बारिश से दो मकान गिरे, चार लोग घायल

मेरठ, 19 सितम्बर (हि.स.)। लगातार हो रही बरसात के कारण बुधवार की आधी रात के बाद मेरठ जनपद में दो स्थानों पर मकान गिर गए। एक स्थान पर परिवार ने भागकर अपनी जान बचाई तो दूसरा मकान गिरने से चार लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मेरठ के लोहिया नगर थाना क्षेत्र में तीन मंजिला मकान गिरने से दस लोगों की मौत हो गई थी और पांच लोग घायल हो गए थे। इसके बाद भी जारी बरसात के कारण बुधवार को आधी रात के बाद दो मकान गिर गए। दौराला थाना क्षेत्र की डेयरी कॉलोनी में बुधवार की रात दो बजे प्रमोद का मकान गिर गया। मकान के मलबे में दबने से प्रमोद, उसकी पत्नी सुनीता, बेटा अजीत और बेटी आरजू घायल हो गए। मकान गिरने के धमाके की आवाज सुनकर पड़ोसी इकट्ठा हो गए। पड़ोसियों ने पूरी मेहनत करके मलबे से पूरे परिवार को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सिर में चोट लगने से सुनीता की हालत गंभीर है। छत गिरने से घर का सारा सामान तहस-नहस हो गया। गुरुवार को घटना की जानकारी मिलते ही भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष नवाब सिंह अहलावत के नेतृत्व में लोग अस्पताल पहुंचे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की हैं।

लोहिया नगर थाना क्षेत्र के जाहिदपुर गांव में इकबाल पुत्र अब्दुल मजीद का परिवार अपने घर में सोया था। गुरुवार सुबह अचानक मकान भरभरा कर गिर गए। इस कारण पूरा परिवार अंदर फंस गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और किसी तरह से मलबा हटाकर अंदर फंसे परिवार के लोगों को बाहर निकाला। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। मौके पर पहुंची लोहिया नगर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमों ने बचाव अभियान चलाया। थाना प्रभारी नीरज कुमार के अनुसार, इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

# अवध विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 20 सितंबर को, हुआ फाइनल रिहर्सल

### अविवि के दीक्षांत समारोह में उपाधिधारकों व आंगतुकों का प्रवेश 10 बजे तक

## विवि के 29 वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेगी कुलाधिपति

### कुलपति के नेतृत्व में 29 वें दीक्षांत समारोह का किया गया फाइनल रिहर्सल

अयोध्या, 19 सितंबर (हि.स.)। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में 20 सितम्बर को होने वाले 29 वें दीक्षांत समारोह को लेकर गुरुवार को फाइनल रिहर्सल किया गया। रिहर्सल की शुररुआत कौटिल्य प्रशासनिक भवन से कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के नेतृत्व में दीक्षांत के सम्मानित सदस्यों द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। डोगरा रेजिमेंट के आर्मी बैंड धुन के साथ शोभायात्रा स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह के लिए प्रस्थान किया। कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा वन्दे मातरम, पर्यावरण गीत व कुलगीत से की गई। इस दौरान कुलपति द्वारा कुलाधिपति को पुस्तक ग्रन्थ एवं स्मृति चिन्ह भेंट करने का पूर्वाभ्यास किया। कुलपति प्रो.गोयल द्वारा स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के छात्रों को दीक्षोपदेश का पूर्वाभ्यास कराया गया। इसके पश्चात कुलपति द्वारा स्वर्णपदक छात्रों को स्वर्णपदक वितरण का क्रमशः अभ्यास कराया गया। इस दीक्षांत समारोह के आकर्षक विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता बच्चे एवं अन्य जनपद की आगंनबाड़ी कार्यकत्री होंगी। इनकों समिति के सदस्यों के दिशा-निर्देशन में मंच पर किट प्राप्त करने का पूर्वाभ्यास किया। कार्यक्रम का सफल संचालन का पूर्वाभ्यास प्रो. एसएस मिश्र द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र ने किया। इसके उपरांत छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान के साथ रिहर्सल का समापन किया गया। फाइनल रिहर्सल के दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारी, कार्यपरिषद सदस्य एवं विद्यापरिषद सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।




कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने बताया कि 29 वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनेस्को एमजीआईईपी, महात्मा गांधी शांति एवं सतत विकास शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के चैयरमैन प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व राज्यमंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी रहेगी। कुलपति ने बताया कि भारत सरकार के डिजी लाकर में सत्र 2023-24 के दो लाख 228 उपाधियां कुलाधिपति के कर कमलों से अपलोड किया जायेगा। इस दीक्षांत समारोह में कुल 102 छात्र-छात्राओं को 116 स्वर्णपदक प्रदान किए जायेंगे। जिनमें कुलपति स्वर्णपदक 33 एवं कुलाधिपति स्वर्णपदक 66 तथा दानस्वरूप स्वर्णपदक के रूप में 17 पदक प्रदान किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त 170 पीएचडी उपाधि दी जायेगी।

विवि के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि 20 सितम्बर को होने वाले दीक्षांत समारोह प्रातः 11 बजे के स्थान पर अब 10:30 बजे से प्रारम्भ होगा। सभी स्वर्णपदक एवं उपाधिधारक छात्र-छात्राओं व आमंत्रित आगंतुकों को हर हाल में 9:30 बजे तक स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में स्थान ग्रहण कर लेना होगा। 10 बजे के बाद प्रवेश रोक दिया जायेगा। परिसर में दीक्षांत निमंत्रण कार्ड के बिना समारोह में प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी को अपना एक परिचय-पत्र लाना अनिवार्य होगा।

दूसरी ओर परिसर में दोपहिया वाहनों की पार्किंग अधिष्ठाता छात्र कल्याण भवन के नीचे से लेकर श्रीराम शोधपीठ तक की जायेगी। वही चार पहिया वाहन अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास से लेकर दीक्षा भवन तक की जायेगी।

# मकान हादसा पीड़ितों से मिलने पहुंचा सपा प्रतिनिधिमंडल, सात लाख की मदद

मेरठ, 19 सितम्बर (हि.स.)। लोहिया नगर थाना क्षेत्र की जाकिर कॉलोनी में हुए मकान हादसे के पीड़ितों से मिलने गुरुवार को सपा के प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। सपा की ओर से पांच लाख रुपए की मदद की गई, जबकि महानगर अध्यक्ष ने निजी तौर पर दो लाख रुपए दिए।

विधायक आशु मलिक के नेतृत्व में सपा का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को जाकिर कॉलोनी में हुए मकान हादसे के पीड़ितों से मिलने पहुंचा। यह प्रतिनिधिमंडल सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भेजा है। विधायक आशु मलिक ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ितों से फोन पर भी बात की है।

हमारा समाजवादी परिवार पीड़ितों के साथ हैं। पार्टी की ओर से पीड़ितों की पांच लाख रुपए की मदद की गई है। प्रदेश में हमारी सरकार बनने पर परिवार की और मदद की जाएगी। सपा के महानगर अध्यक्ष आदिल चोधरी ने निजी तौर पर दो लाख रुपए पीड़ित परिवार को दिए।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए आशु मलिक ने प्रदेश और केंद्र सरकार की ओर से की गई मदद पर सवाल उठाए। सरकार ने जो मदद की बात कही है, वह इस परिवार के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

सरकार ने केवल आपदा के तहत मिलने वाला मुआवजा देने की बात कह दी है, जो गलत है। वर्तमान सरकार को मृतकों को कम से कम 20 लाख रुपए का मुआवजा देना चाहिए।

इस प्रतिनिधिमंडल में सरधना विधायक अतुल प्रधान, किठौर विधायक शाहिद मंजूर, शहर विधायक रफीक अंसारी, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी, महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी, सम्राट मलिक आदि उपस्थित रहे।

# जिला बार एसोसिएशन चुनाव के लिए मतदान 28 नवंबर को

फतेहपुर, 19 सितंबर (हि.स.)। जिले में गुरुवार को जिला बार एसोसिएशन की बैठक में बॉर अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश वर्मा एवं महामंत्री अधिवक्ता बचानी लाल ने जिला बार एसोसिएशन के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आगामी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। चुनाव की घोषणा करते हुए उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया 22 सितंबर से शुरू होकर 29 नवंबर तक चलेगी। 70 दिन की चुनाव प्रक्रिया में 28 नवंबर को मतदान कराया जायेगा।

जिला बार अध्यक्ष राकेश वर्मा ने बताया कि पहली बार किसी संगठन ने बिना हड़ताल किए पूरे वर्ष काम किया है। बार एसोसिएशन का संयुक्त रूप से लेखा-जोखा एवं कार्यों को अधिवक्ताओं के समक्ष रखा गया। पवित्र मंशा के साथ भेदभाव रहित रहकर कार्य किया गया।

चुनाव की प्रक्रिया 4 सितंबर को प्रस्तावित थी लेकिन महामंत्री बचानी लाल के पुत्र की हादसे में मृत्यु होने से यह प्रक्रिया टल गई थी। 13 दिन के शोक कार्यक्रम के बाद आज 19 सितंबर को घोषणा की जा रही है।

आगामी चुनाव कार्यक्रम के बारें में उन्होंने बताया कि 22 सितंबर से 23 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान चलेगा, 28 अक्टूबर को अंतिम मतदान सूची प्रकाशित होगी, 29 से 30 अक्टूबर को अंतिम सूची में आपत्ति दाखिल होंगी। 5 अक्टूबर को आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 6 अक्टूबर को अंतिम मतदान सूची प्रकाशन में लाई जाएगी। 7 और 8 नवंबर को नामांकित पत्र दाखिल होंगे।

11 नवंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 13 नवंबर को नामांकन पत्रों का वापसी व प्रत्याशी सूची प्रकाशित की जाएगी।

28 नवंबर को मतदान की तिथि घोषित है तो वहीं 29 नवंबर को मतगणना होगी।

# मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या को दी एक हजार करोड़ की सौगात

## -अयोध्या में नहीं हुआ जमीन घोटाला, सरकार ने किसानों को 1700 करोड़ रुपये मुआवजा दिया -मुख्यमंत्री

अयोध्या, 19 सितंबर (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्या इंटर कॉलेज मिल्कीपुर में आयोजित जनसभा में सपा पर आक्रामक रहे। समाजवादी पार्टी के नेताओं को आईना दिखाते हुए उन्होंने कहा कि हर जिले का बड़ा माफिया व गुंडा सपा से जुड़ा था। इनका पदाधिकारी या शागिर्द था। वहां संगठित अपराध, पशु, वन, खनन,

सीएम ने मिल्कीपुर में कराए जाने वाले विकास कार्यों को भी गिनाया। बताया कि मिल्कीपुर में मिनी स्टेडियम बनने जा रहा है। 30 मार्गों का शिलान्यास हो रहा है। रेवना में ग्रामीण स्टेडियम के निर्माण के लिए 9 करोड़ रुपये दिए हैं।

2017 के पहले गरीबों का राशन हजम कर जाते थे सपा के गुंडे

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर

तहत 2369 लाभार्थियों को आवास की सुविधा प्रदान की है। अयोध्या में हर घर नल योजना के तहत 1184 राजस्व गांवों में हर घर तक पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराने का कार्य हो रहा है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अयोध्या में 4.21 लाख किसान लाभान्वित हो रहे हैं। इनके खातों में एक हजार 430 करोड़ रुपये जा चुके हैं। मिल्कीपुर में 94549 किसानों




भूमाफिया थे। माफिया समानांतर सरकार चलाकर अराजकता व गुंडागर्दी का तांडव करते थे तो बबुआ घर से बाहर नहीं निकलता था। बबुआ 12 बजे सोकर उठता था। जनता पिसती थी। मुस्लिम तुष्टिकरण की हद को पार करते हुए पर्व व त्योहारों में इन लोगों ने अराजकता फैलाई थी। होली, दीवाली, रक्षाबंधन-शिवरात्रि, रामनवमी-जन्माष्टमी को बैन कर दिया था। जन्माष्टमी के आयोजनों पर इन्होंने थाना, पुलिस लाइन, जेलों में रोक लगा दी थी। कहते थे कि जन्माष्टमी में भजन न गाओ। हरे रामा, हरे कृष्णा की धुन कुछ लोगों को पसंद नहीं थी, इसलिए सपा इसे बैन करती थी। कांवड़ यात्रा पर बैन लगाती थी। दुर्गा पूजा में अयोध्या का दंगा हर किसी ने देखा। सपा सरकार में देवकाली मंदिर में मूर्ति चोरी हो गई थी। बतौर सांसद गोरखपुर से आकर मैंने आंदोलन किया था।

मिशन मिल्कीपुर में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को रामनगरी अयोध्या को विकास की नई सौगात दी। उन्होंने यहां एक हजार करोड़ से अधिक की 83 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भी चेक, चाबी, प्रमाण पत्र, सिलाई मशीन आदि प्रदान किया।

प्रदेश देश के आर्थिक विकास का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश भारत के विकास का बैरियर माना जाता था। अराजकता चरम पर थी। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने साढ़े सात वर्ष में विकास के कार्यों को तेज गति से बढ़ाया। आज फोरलेन, टू लेन सड़कें, गांव की बेहतर कनेक्टिविटी, गांव-मजरे में बिजली-पानी की व्यवस्था दिखती है। उत्तर प्रदेश में 2.62 करोड़ परिवारों को शौचालय व 56 लाख गरीबों को आवास दिया गया। 1.20 लाख मजरों तक बिजली, 1.56 करोड़ से अधिक परिवारों को फ्री बिजली कनेक्शन, 1.83 करोड़ परिवारों को उज्ज्वला योजना में फ्री सिलेंडर दिए गए। पिछले वर्ष से इन परिवारों को होली-दीवाली पर फ्री सिलेंडर दे रहे हैं। यूपी में 15 करोड़ लोग फ्री में राशन पा रहे हैं लेकिन 2017 के पहले सपा के गुंडे गरीबों का राशन हजम कर जाते थे।

मुख्यमंत्री ने गिनाए अयोध्या व मिल्कीपुर के विकास कार्य

मुख्यमंत्री ने अयोध्या व मिल्कीपुर में हुए विकास कार्य भी गिनाए। उन्होंने बताया कि अयोध्या में पीएम आवास योजना (ग्रामीण) में 45664 व (शहरी) में 19964 आवास दिए गए हैं। इसमें मिल्कीपुर में 8195 आवास ग्रामीण क्षेत्र में बने हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना के

को इसका लाभ मिल रहा है। अयोध्या में 67014 स्मार्टफोन व 26974 टैबलेट युवाओं को वितरित किए गए हैं।

आयुष्मान भारत के नौ लाख 726 गोल्डन कार्ड दिए गए हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में 30245 बालिकाएं लाभान्वित हुई हैं। डबल इंजन सरकार एक लाख 8 हजार 228 वृद्धजन, 54529 निराश्रित महिलाओं व 11603 दिव्यांगजनों को 12-12 हजार रुपये सालाना पेंशन की सुविधा दी जा रही है। अयोध्या में 59 गोआश्रय स्थलों में 12600 से अधिक गोवंशों को संरक्षित किया जा रहा है। 4.32 लाख परिवारों को निशुल्क राशन दिया जा रहा है।

इस अवसर पर अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, विधायक रामचंद्र यादव, विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान, विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडेय, निवर्तमान सांसद लल्लू सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# आभूषण व्यवसायी का शव मिलने से मचा हड़कम्प

प्रयागराज, 19 सितम्बर (हि.स.)। गुरूवार की सुबह एक शव मांडा थाना क्षेत्र के धरांवनारा गांव में एक धान के खेत में मिला। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी मांडा पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार मांडा थाना क्षेत्र के आंधी गांव निवासी संदीप उर्फ सोनू सोनी (26) ऊंचडीह बस स्टॉप बाजार में आभूषण की दुकान चलाता था। बुधवार शाम को वह कोरांव बाजार एक व्यक्ति से मिलने गया था और रात्रि साढ़े नौ बजे उसने पत्नी सोनी को फोन कर बताया था कि वह जल्द घर पहुंचने वाला है, लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचा।

आज सुबह उसका शव धरांवनारा गांव में एक धान के खेत में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। उसकी अपाचे बाइक भी शव के पास पड़ी थी। उसका मोबाइल चालू था और मोबाइल बज रहा था। मोबाइल बजने की आवाज सुनकर ग्रामीण खेत की ओर गए तो शव देखकर सन्न रह गए। परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है,जबकि पुलिस दुर्घटना और साजिश दोनों की सम्भावना से इनकार नहीं कर रही है। फिलहाल पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से खुलासा होगा कि मौत कैसे हुई है।

परिजनों का कहना है कि सोनू भी साजिश का शिकार हुआ है, जैसे कि 2018 में उसके भाई सौरभ की नकाबपोश बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

मृतक के दो बच्चे हैं। फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंच जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि मामले की गम्भीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# छोटे भाई की पत्नी से अश्लीलता व मारपीट

जालौन, 19 सितंबर (हि.स.)। उरई कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तुलसीनगर में एक व्यक्ति ने अपने छोटे भाई की पत्नी के साथ अश्लीलता की। जब इसका विरोध किया गया, तो दबंग ने अपने बेटे के साथ मिलकर परिवार के सदस्यों को लाठी-डंडों से पीटा। गुरुवार को घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कार्यवाही की बात कर रही है।

पूरा मामला उरई कोतवाली क्षेत्र का है। यहां पर दबंगों द्वारा एक पारिवारिक साथ मारपीट की गई है। मारपीट में दम्पति और उनकी बेटी घायल हो गए। घटना के एक हफ्ते बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जिस पर पीड़ित परिवार ने पुलिस पर मुकदमा दर्ज न करने का आरोप लगाया है। गुरुवार को इस घटना का उउळश फुटेज सामने आया है।

जिसमें दबंग और उसके बेटे मारपीट करते नजर आ रहे हैं। पीड़ित परिवार ने पुलिस से न्याय की मांग की है।वहीं, शहर कोतवाल अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तथ्य सामने आने के साथ कार्यवाही की जायेगी।

# मुरादाबाद हवाई अड्डे के विस्तार की प्रक्रिया हुई तेज

## -लखनऊ की फ्लाइट को लोगों को अच्छी प्रतिक्रिया दी : शिवानी जैन

मुरादाबाद, 19 सितम्बर (हि.स.)। मुरादाबाद के मूंढापांडे स्थित हवाई अड्डे को विस्तार देने के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। जिला प्रशासन लगातार मूंढापांडे के किसानों से सहमति पत्र ले रहा है। यहां पर करीब 500 हेक्टेयर जमीन पर नए टर्मिनल भवन बनाए जाएंगे। फ्लाई बिग कम्पनी की ऑपरेशनल जीएम ने गुरूवार को बताया कि लखनऊ की फ्लाइट को लोगों को अच्छी प्रतिक्रिया दी है। अब बहुत जल्द कानपुर व देहरादून की फ्लाइट शुरू करने की योजना है।

बीती 10 मार्च को हवाई अड्डे के उद्घाटन के समय तत्कालीन प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद ने दावा किया था कि यहां से दिल्ली, मुंबई, बैंगलुरू, चेन्नई समेत सभी बड़े शहरों के लिए फ्लाइट शुरू होगी। फिलहाल फ्लाई बिग कंपनी 500 किमी तक की दूरी को कवर करने का प्रयास कर रही है।

वहीं फ्लाई बिग कम्पनी की ऑपरेशनल जीएम शिवानी जैन ने बताया कि लखनऊ की फ्लाइट को लोगों को अच्छी प्रतिक्रिया दी है। अब बहुत जल्द कानपुर व देहरादून की फ्लाइट शुरू करने की योजना है। दशहरे तक इन दोनों स्थानों में से जहां के लिए अनुमति मिल जाएगी, वहां की फ्लाइट शुरू कर दी जाएगी।

# एससी-एसटी एक्ट का दुरुपयोग रोकने की मांग को लेकर संस्था ने 73वां ज्ञापन दिया

औरैया, 19 सितंबर (हि.स.)। जन जागरण समिति द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित 73वां ज्ञापन मुख्यालय ककोर पर डिप्टी कलेक्टर हरिश्चंद्र को गुरुवार सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से एससी-एसटी एक्ट का दुरुपयोग रोकने, इसके अंतर्गत लिखाए गए फर्जी मुकदमों की जांच तथा फर्जी मुकदमा लिखा कर प्राप्त की गई सरकारी धनराशि की वसूली कराए जाने की मांग की गई।

जन जागरण समिति के प्रदेश संयोजक महेश पांडे ने बताया कि जब तक एससी-एसटी एक्ट में इसका दुरुपयोग रोकने के लिए एक्ट में संशोधन नहीं हो जाता तब तक हर महीने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया जाता रहेगा।

उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त माता-पिता की इच्छा के विरुद्ध प्रेम विवाह करने वाले लड़के और लड़कियों की न्यूनतम उम्र 25 वर्ष किए जाने तथा प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की अनिवार्य सहमति किये जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित 23वां ज्ञापन भी सौंपा गया है।

# राहुल गांधी के विवादित बयान पर सिख समाज ने फूंका पुतला

बिजनौर, 19 सितम्बर(हि.स.)। अमेरिका में दिये गये विवादित बयान से नाराज सिख समाज के सैकड़ो लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राहुल गांधी का पुतला फूंकते हुए कांग्रेस के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी की। सिख समाज के लोगों ने प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने राहुल गांधी के बयान की निंदा करते हुए मांग की कि उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

ज्ञापन में कहा गया कि राहुल गांधी ने विवादित बयान में कहा है, भारत में सिख समाज की धार्मिक पहचान जैसे पगड़ी और कड़ा पहनने पर रोक है, जो किसी समाज के लिए अपमानजनक एवं असत्य है। सिखों ने 1984 में हुए सिख नरसंहार के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार बताते हुए कहा है कि वर्तमान में सिख समाज देश में पूरी स्वतंत्रता के साथ अपने धार्मिक कर्तव्यों का पालन करता है।

इस प्रदर्शन में हरजिंदर कौर, गुरजीत सिंह, जितेंद्र सिंह राणा, तरबजीत सिंह, मलकीत सिंह और गुरनाम सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। सिख समाज ने स्पष्ट किया कि वे राहुल गाँधी के झूठे व भ्रामक बयान का विरोध करते हैं।

# 31 अक्टूबर तक लम्पी बीमारी से पशुओं को बचाने के लिए होगा टीकाकरण

फतेहपुर, 19 सितंबर(हि.स.)। लम्पी स्किन बीमारी के प्रकोप से पशुओं को बचाने के लिए 15 सितम्बर से टीकाकरण की शुरूआत की गयी है। गुरुवार को इसकी जानकारी देते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ नवल किशोर ने बताया कि 31 अक्टूबर 2024 तक पशुपालन विभाग के पशु चिकित्साधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में टीमों के साथ घर-घर जाकर टीकाकरण का कार्य किया जायेगा।

डॉ. नवल किशोर ने बताया कि लम्पी स्किन बीमारी में पशु की त्वचा में गाठें बन जाती हैं और फूट कर घाव बन जाते है। यह स्थिति पूरे शरीर में हो जाती है, पशु को बहुत तेज बुखार आता है।

यह बीमारी एक संक्रमित पशु से दूसरे पशु में बहुत तेजी से फैलती है, चूंकि यह एक विषाणु जनित रोग है। इसकी चिकित्सा सिर्फ जो लक्षण दिखाई दे रहे हैं, उसके आधार पर की जाती है। अतः इसका बचाव टीकाकरण ही है। संक्रमित पशुओं को स्वस्थ्य पशुओं से अलग रखते हुए बीमारी का इलाज कराया जाए।

सभी पशुपालकों से अपील करते हुए उन्होंने बताया कि सभी गौवंशों में एलएसडी टीकाकरण अवश्य करायें। जिससे इस बीमारी से पशुओं को बचाया जा सके। विशेष रूप से गोवंश का जीवन बचाया जा सके।

# वन नेशन वन इलेक्शन देश के हित में उठाया गया कदम : गणेश केसरवानी

प्रयागराज, 19 सितम्बर (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी महानगर ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा देश के अंदर वन नेशन वन इलेक्शन पारित करने पर केंद्र की मोदी सरकार की बधाई दी। महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि एक देश एक चुनाव देश के हित में उठाया गया एक ऐसा कदम है जो लोकतंत्र को मजबूत करेगा और एक भारत श्रेष्ठ भारत की कड़ी को और मजबूत करेगा।

महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि देश के अंदर अभी तक कहीं न कहीं चुनाव होने के कारण आदर्श आचार संहिता लगती थी। जिससे विकास के कार्य रुक जाते थे लेकिन एक देश एक चुनाव से अब विकास का कार्य रुकने वाला नहीं। देश विकसित राष्ट्र की ओर तेजी से बढ़ेगा।

जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन से देश को होने वाले चुनावी खर्च में भारी गिरावट होगी। देश का पैसा बचेगा और विकास के कार्य प्रभावित नहीं होंगे।

इस अवसर पर कुंज बिहारी मिश्रा, वरुण केसरवानी, रमेश पासी, विवेक अग्रवाल, विवेक मिश्रा, प्रमोद मोदी, गिरजेश मिश्रा आदि भाजपा के पदाधिकारी ने वन नेशन वन इलेक्शन की देशवासियों को बधाई दी।

# तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कैंपस में 22 सितंबर को निकलेगी भव्य रथयात्रा

मुरादाबाद, 19 सितम्बर (हि.स.)। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में गुरुवार को पर्यूषण पर्व के उपलक्ष्य में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म दिवस एवं भगवान वासुपूज्य मोक्षकल्याणक महोत्सव पर रिद्धि-सिद्धि भवन में उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

फर्स्ट लेडी वीना जैन ने तत्वार्थ सूत्र का वाचन किया। जिनवाणी की स्थापना नंदिनी जैन, जबकि प्रथम स्वर्ण कलश की से अक्षत जैन ने अभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त किया। गरिमामयी मौजूदगी रहेगी।

दूसरी ओर उत्तम आकिंचन्य पर मंगलाचरण के साथ सांस्कृतिक संध्या का श्रीगणेश हुआ। डिपार्टमेंट आफ फिजियोथैरेपी के स्टूडेंट्स की ओर से तीर्थ वंदना कार्यक्रम की



विधि-विधान से हवन हुआ। प्रतिष्ठाचार्य रिषभ जैन शास्त्री के सानिध्य में समुच्चय पूजन, वासुपूज्य जिन पूजन, अनंतनाथ जिन पूजन, रत्नत्रय पूजन, सोलहकारण पूजन, दशलक्षण पूजन, नवग्रह विधान हुए। जहान्वी जैन की ओर से भगवान शांतिनाथ विधान के मुख्य कलश की स्थापना की गई। कुलाधिपति सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी वीना जैन, जीवीसी मनीष जैन, ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन आदि की सिद्धार्थ जैन एंड पार्टी के संगीतमय भजनों पर रिद्धि-सिद्धि भवन झूम उठा और पूजा-अर्चना करते हुए भक्ति नृत्य में लीन हो गया। दस दिन तक नियमित उपवास रखने वाले श्रावक-श्राविकाओं को सम्मानित किया गया। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कैंपस में बड़ी धूमधाम से भव्य रथयात्रा महोत्सव 22 सितंबर को निकलेगी। जिसमें कर्मयोगी क्षुल्लकरत्न 105 श्री समर्पणसागर जी महाराज जी की प्रस्तुति दी गई। तीर्थ वंदना नाटक में स्टूडेंट्स ने जैन धर्म के प्रमुख तीर्थ स्थलों- महावीरजी, शिखरजी, कुंलडपुर और गिरनार तीर्थ स्थल आदि के दर्शन कराए। आडी में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल, नीलिमा जैन, मनोज जैन, करुणा जैन, डा. अर्चना जैन, हिमानी, अंकिता सक्सेना आदि ने सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ किया।

# जिलाधिकारी ने ई-ऑफिस का किया शुभारंभ, अब फाइल खोने का झंझट खत्म

जालौन, 19 सितंबर (हि.स.)। जिलाधिकारी/ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास प्राधिकरण उरई में ई-ऑफिस प्रणाली का शुभारम्भ किया। ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने पर कर्मचारी व अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी।

उन्होंने कहा कि विकास प्राधिकरण उरई में ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने से कर्मचारियों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने से विभागीय कार्यों में पारदर्शिता आने के साथ ही लंबित फाइलों पर कर्मचारियों की जवाबदेही तय होगी। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस उत्तर प्रदेश शासन का एक मिशन मोड प्रोजेक्ट है। जो एनआईसी के सॉफ्टवेयर पर कार्य करता है। इस प्रणाली में पारंपरिक फाइलिंग प्रणाली की तुलना में अतिरिक्त लाभ है।

ई-ऑफिस को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य कार्यालय को पेपर लेस बनाते हुए शासकीय कार्यों को गति प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस में अगर कोई फाइल आती है, तो उसका नोटिफिकेशन संबंधित को मिल जाता है। समय के अंतर्गत उस फाइल का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक किया जाता है।

इस अवसर पर विकास प्राधिकरण सचिव/ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद सिंह, सहायक अभियंता कमलेश कुमार, अवर अभियंता सुधीर कुमार, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पुष्पेंद्र सिंह आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# रेलवे सुरक्षा के लिए ट्रैक के आसपास रहने वालों का होगा सत्यापन: सेल्वा कुमारी जे.

मेरठ, 19 सितम्बर (हि.स.)। मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे. ने कहा कि रेलवे सुरक्षा के लिए ज्वाइंट पैट्रोलिंग की जाए। रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वाले लोगों का सत्यापन किया जाए। अतिवृष्टि को देखते हुए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को रेलवे सुरक्षा के लिए ज्वाइंट पेट्रोलिंग करने, व्यवस्था की जाए। नई परम्परा के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। आयोजकों के साथ बैठक की जाए तथा त्यौहारों पर शरारतपूर्ण बयान देने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। पंडाल में




और संबंधित थाने से सूचनाएं साझा की जाए।

आयुक्त सभागार में गुरुवार को आयुक्त सेल्वा कुमारी जे. व आईजी नचिकेता झा द्वारा सभी डीएम और एसएसपी के साथ कानून एवं शांति व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक ली गई। मंडलायुक्त ने कहा कि वैध टैक्सी स्टैण्ड की सूची उपलब्ध कराई जाए। ई-रिक्शा के सुगम संचालन के लिए कार्यवाही की रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वाले लोगों का सत्यापन कराने तथा संबंधित थाने से सूचनाएं साझा करने को कहा। उन्होंने गौवध अधिनियम, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर अधिनियम, हत्या, लूट, डकैती, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, अपहरण, पॉक्सो एक्ट आदि की मंडलीय समीक्षा की।

आईजी ने कहा कि आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण, सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा महिलाओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाए। मूर्ति विसर्जन से पूर्व घाटों पर प्रकाश, सीसीटीवी, ड्रोन कैमरे, गोताखोर, डबल बैरिकेडिंग की व्यवस्था हो।

इस अवसर पर अपर आयुक्त जसजीत कौर, जिलाधिकारी मेरठ दीपक मीणा, एसएसपी विपिन ताडा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नारायणी भाटिया आदि उपस्थित रहे।

# झांसी में तैनात एडीएम अशोक कुमार के निधन पर शोक

झांसी, 19 सितंबर (हि.स.)। जनपद में एडीएम नमामि गंगे पद पर तैनात रहे अशोक कुमार सिंह का उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही प्रशासनिक अमले में शोक की लहर दौड़ गई।

एडीएम अशोक कुमार सिंह जनपद झांसी में नमामि गंगे का कार्यभार देख रहे थे। कुछ दिन पूर्व हृदय में तकलीफ होने पर वह हॉस्पिटल में एडमिट हुए थे। वहां डॉक्टर ने स्टेन फिट कर दिया था।

उनका दोबारा चेकअप होना था। लखनऊ में रिचेकअप के लिए हॉस्पिटल गए थे।

उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका निधन हृदयाघात से होना बताया जा रहा है। उनके निधन की खबर से समूचे प्रशासनिक अमले में शोक की लहर दौड़ गई।

# बाढ़ प्रभावित इलाके में लोगों के लिए फरिश्ता बनी एनडीआरएफ

बलिया, 19 सितंबर (हि.स.)।

जिले के बैरिया तहसील के चांद दियर पुलिस चौकी से महज दो सौ मीटर पर माझी के पास बुधवार रात एनएच 31 के टूट जाने के बाद आसपास के कई कारण लगभग 50 मीटर तक यूपी को माझी के रास्ते बिहार से जोड़ने वाली मुख्य सड़क पल भर में बह गई। जिससे चांद दियर ग्राम सभा के लगभग एक दर्जन पुरवे बुरी तरह से प्रभावित हो गए। जानकारी मिलते ही घिर गए। चीख पुकार रहे लोगों तक एनडीआरएफ के जवान भोर होते-होते पहुंच गए। चांद दियर के यादव टोला की रहने वाली नैना कुमारी का कहना है कि रात में वह परिवार के साथ घर में सो रहीं थी। इसी दौरान



पुरवे अचानक पानी से घिर गए। सबसे ज्यादा प्रभावित यादव नगर के लोगों के लिए रात के अंधेरे में एनडीआरएफ की टीम फरिश्ता बन गई। न सिर्फ करीब सौ लोगों को रेस्क्यू कर बचाया, बल्कि छतों पर शरण लिए लोगों तक राहत भी पहुंचाई।

सरयू नदी में आए उफान को बुधवार रात लगभग एक बजे एनएच 31 बर्दाश्त नहीं कर सका। नदी के भारी दबाव के जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने फौरन एनडीआरएफ व पुलिस को भेजा। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक खुद भी पहुंचे। सरकार और प्रशासन के स्तर पर बचाव कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो गया।

एनडीआरएफ की टीम बाढ़ खंड और एसडीएम के नेतृत्व में प्रभावित लोगों को मदद करने के लिए बचाव में जुट गई। रात के अंधेरे में अचानक पानी से तेज आवाज के साथ पानी चलने की आहट सुनाई पड़ी। हालांकि, उन्हें फौरन आभास हो गया कि बांध टूट गया है लेकिन जब तक वह उठकर बचाव की कोशिश करतीं, पानी उनके घर में घुस गया। कुछ देर बाद पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने उन्हें रेस्क्यू कर बाहर निकाला। कई अन्य बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि अचानक पानी आ जाने से उन्हें छत पर शरण लेनी पड़ी।

# कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन,सौंपा ज्ञापन

वाराणसी,19 सितम्बर (हि.स.)। प्रदेश में ध्वस्त कानून व्यवस्था, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भाजपा नेताओं के विवादित बयान को लेकर गुरूवार को कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन दिया। कचहरी वरूणापुल स्थित शास्त्री घाट पर धरना प्रदर्शन के बाद कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय सचिव व सह प्रभारी राजेश तिवारी के नेतृत्व में मंडलायुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च किया। कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन के बाद नेताओं ने अपर आयुक्त संदीप कुमार गुप्ता को मांगों का ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी सुनकर अब चुप रहना नामुमकिन है। यह वक़्त है इन जन विरोधी लोगों का डटकर सामना करने का। इनसे सावधान रहना है, इनका इतिहास बहुत घृणित है। प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में प्रदेश जंगल राज में तब्दील हो गया है, कोई भी कहीं भी सुरक्षित नहीं है।

राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने भी केन्द्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। धरना प्रदर्शन में पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, राम किसुन पटेल, पंकज सोनकर आदि शामिल रहे।

# बाढ से क्षतिग्रस्त एनएच 31 की मरम्मत शुरू, 48 घण्टे में चालू हो सकता है आवागमन

बलिया, 19 सितंबर (हि.स.)। सरयू नदी के तेज बहाव से चांददियर पुलिस चौकी के पास क्षतिग्रस्त एनएच 31 के मरम्मत की कवायद शुरू हो गई है। जिला प्रशासन का इस बात पर जोर है कि किसी तरह शुक्रवार शाम तक बिहार को जाने वाली इस मुख्य सड़क पर आवागमन चालू हो जाए। इसके लिए एनएच 31 के क्षतिग्रस्त हिस्से वाले इलाके और बाढ़ से प्रभावित गांवों का जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने दौरा किया।

जिलाधिकारी ने एनएच 31 के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मिजार्पुर से कम से कम आठ ट्रक बोल्डर गुरुवार शाम तक गिरवाकर किसी भी हाल में शुक्रवार की शाम तक सड़क का मरम्मत कर दिया जाए। ताकि शीघ्र आवागमन चालू हो सके।

जिलाधिकारी ने बताया कि रात डेढ़ बजे बाढ़ के पानी से सड़क के कट जाने के बाद सभी प्रशासनिक अधिकारियों, एनडीआरएफ और पुलिस फोर्स को तत्काल मौके पर भेजा गया। बाढ़ से प्रभावित गांव को बचाने के लिए चार नाव और एनडीआरएफ के माध्यम से गांव के लोगों को बचाने का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि नाव की क्षमता के हिसाब से व्यक्तियों को बैठाएं और नाव बैठने वाले व्यक्तियों की सूची अवश्य बना लें।

# आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत के बाद अवैध लैब पर छापा मारकर किया सील

मुरादाबाद, 19 सितम्बर (हि.स.)। जिले के थाना छजलैट क्षेत्र स्थित सीएचसी के अधीक्षक और नोडल अधिकारी डॉ राजपाल सिंह ने अपनी टीम के साथ गुरुवार को छजलैट स्थित अलीगढ़ पैथोलॉजी नामक लैब पर छापा मारा।

नोडल अधिकारी डॉ राजपाल सिंह ने बताया कि आईजीआरएस पोर्टल पर इस लैब की शिकायत मिली थी। इसके आधार पर पैथोलॉजी लैब का आज निरीक्षण कर उसकी जांच की गई। जांच में मानक अनुसार अलीगढ़ पैथोलॉजी लैब मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में पंजीकृत नहीं है। लैब पर खुद को डाक्टर बताने वाले युवक के अलावा कोई अन्य स्टाफ भी नहीं मिला।

लैब पर मिले चिकित्सक से अपनी डिग्रीयां दिखाने को कहा तो वह कोई भी डिग्री या कोई डिप्लोमा प्रमाण पत्र नहीं दिखाया पाया। उसे हिरासत में ले लिया गया हैं। नोडल अधिकारी ने बताया कि इस पैथोलॉजी लैब को तुरंत सील कर दिया गया है और थाना छजलैट में आरोपित फर्जी चिकित्सक व लैब के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है।

# मुजफ्फरनगर में एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में दो शार्प शूटर घायल

मेरठ, 19 सितम्बर (हि.स.)। मुजफ्फरनगर जनपद के खतौली क्षेत्र में गुरुवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और यूपी एसटीएफ की बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में हाशिम बाबा गिरोह के दो शार्प शूटर घायल हो गए। यह दोनों शार्प शूटर दिल्ली में अफगानी जिम मालिक नादिर की हत्या में वांछित चल रहे थे।

यूपी एसटीएफ की मेरठ यूनिट के एएसपी बृजेश सिंह के अनुसार, सूचना मिली थी कि हाशिम बाबा गैंग के शार्प शूटर अनस और असद दिल्ली-एनसीआर में घूम रहे हैं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और एसटीएफ की टीम ने इन शूटरों का पीछा शुरू किया। गुरुवार की सुबह मुजफ्फरनगर जनपद के खतौली थाना क्षेत्र में भैंसी गांव के पास दोनों टीमों ने बदमाशों को रोकने का प्रयास किया। इन बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। दिल्ली पुलिस और एसटीएफ की जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए।

घायल असद अमीन निवासी चौहान बांगर ब्रह्मपुरी दिल्ली पर दिल्ली और यूपी में पांच मुकदमे और अनस खान निवासी चौहान बांगर दिल्ली पर दिल्ली और यूपी में छह मुकदमे दर्ज है। इन बदमाशों के पास से कार, तीन पिस्टल और नौ कारतूस बरामद हुए हैं। यह दोनों ही हाशिम बाबा गेंग के शार्प शूटर है। हाशिम बाबा इस समय दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है और जेल से ही अपना गैंग चला रहा है। बताया जाता है कि हाशिम बाबा गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई के लिए काम कर रहा है। यह दोनों ही शूटर 17 सितम्बर को दिल्ली में हुई अफगान मूल के जिम मालिक नादिर शाह की हत्या में वांछित चल रहे थे। घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। बदमाशों के खिलाफ खतौली थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ 'अपना स्वच्छ परिवेश-संकल्प हमारा' कार्यक्रम का आयोजन

सिकंदराराऊ।

महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर शैफाली सुमन के कुशल दिशा-निर्देशन और राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. हिमांशु राय के प्रभारत्व में स्वच्छ्ता पखवाड़ा संचालन के क्रम में 'अपना स्वच्छ परिवेश-संकल्प हमारा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वयं एवं देश के नागरिकों में अपने परिवेश में स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु जागरूक किया। महाविद्यालय में स्वच्छ्ता पखवाडा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मोत्सव दिवस-17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती- 2 अक्टूबर 2024 तक संचालित हो रहा है।

महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर स्वच्छता को बढ़ावा देने वाले विभिन्न कार्यक्रम, जैसे- स्वच्छता संगोष्ठी, स्वच्छ्ता रैली, स्वच्छ यूनिफार्म प्रतियोगिता, स्वच्छ एवं आदर्श गाँव भ्रमण आदि कार्यक्रमों का आयोजन अग्रिम दिवसों पर किया जाएगा। 'अपना स्वच्छ परिवेश- संकल्प हमारा' कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर राम बहादुर जी ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता को अपना उद्देश्य मानकर उसके प्रति समर्पण और कर्त्तव्य भावना के आधार पर कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। इस सुअवसर पर विश्वनाथ प्रताप सिंह, अरवेश कुमार एवं श्री राय सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# मुख्यमंत्री योगी और सपा अध्यक्ष अखिलेश में जुबानी हमले तेज होने से उप्र में सियासी पारा चढ़ा

– अखिलेश ने पत्रकारा वार्ता कर योगी आदित्यनाथ को बताया मठाधीश मुख्यमंत्री

लखनऊ, 19 सितम्बर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश की राजनीति में इन दिनों मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के हमारे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मठाधीश मुख्यमंत्री है। मठाधीश मुख्यमंत्री से उम्मीद ही क्या करेंगे आप? बीजेपी जब से लोकसभा चुनाव हारी है तब से संतुलन बिगड़ा हुआ है। उन्होंने सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में जानवरों की समस्या से निपटने के लिए बुलडोजरी सोच से उभरना होगा।

उन्होंने बहराइच में भेड़ियों के आतंक को लेकर योगी



बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। इसमें दोनों ओर से निशाना साधे जा रहे हैं, जिससे यह सियासी लड़ाई दिलचस्प हो गई है। गुरुवार को प्रभु श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में जब मुख्यमंत्री योगी जनसभा को सम्बोधित करते हुए सपा अध्यक्ष पर तीक्ष्ण व्यंग्य कस रहे थे तो वहीं उस वक्त लखनऊ में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी भाजपा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुए बयान दे रहे थे।

अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी के बयान पर जुबानी काउंटर अटैक करते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि (मुख्यमंत्री) कहा सपा और कांग्रेस भस्मासुर है, भस्मासुर दो नहीं हो सकते हैं। बीजेपी अपने (हार के जिम्मेदार) भस्मासुर को ढूंढ रही है।

यह बातें सपा अध्यक्ष ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि मेरठ में मकान हादसे के पीड़ितों की मदद के नाम पर भी सरकार में भेदभाव हुआ है, कम से कम सरकार को गरीब के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए। समाजवादी पार्टी की मांग है कि सरकार को पीड़ितों को 10 लाख रुपयों की मदद करनी चाहिए। सरकार पर तंज कसा और कहा कि इन भेड़ियों को नहीं पकड़ पा रहे हैं तो ठोको नीति के तहत एसटीएफ को जिम्मेदारी दे दीजिए।

अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर में खुद, जो मुख्यमंत्री का जिला है, वहां लोग महीनों से परेशान हैं बाढ़ के कारण। दरअसल ये भाजपाई रिपोर्ट है जो तैयार हुई है, वन नेशन वन इलेक्शन और वन डोनेशन।

जो क्रोध करेगा वो योगी नहीं हो सकता, इसलिए मठाधीश मुख्यमंत्री हैं ये। उन्होंने चुनाव को लेकर कहा कि बीजेपी इतना बुरा हारेगी उत्तर प्रदेश में जिसकी आप कल्पना नहीं कर सकते।

# पत्रकार समाज को नई दिशा देने का काम करता है

मेला श्री दाऊजी महाराज स्थित ब्राह्मण शिविर में हुआ विप्र पत्रकार सम्मेलन का आयोजन

हाथरस। मेला श्री दाऊजी महाराज प्रांगण स्थित ब्राह्मण शिविर में विप्र पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता मदन मोहन गौड ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष ने की संचालन गोविंद ।सभी अतिथियों का कार्यक्रम संयोजक गौरव भारद्वाज व शिविर सयोजन गोपाल शर्मा ने अतिथियों का दुपट्टा पहना कर छवि चित्र भेट सम्मान किया ।

इस मौके पर ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष मदन मोहन शर्मा, बंटी शर्मा, सुशील शर्मा, विनोद शर्मा, धवन वशिष्ठ, दीपेश भारद्वाज, संजय शर्मा, होमेश मिश्रा, नीटू शर्मा, गोलू शर्मा, मुकेश शर्मा, शंभू नाथ पुरोहित, छोटू पुरोहित, शोभित शर्मा , राजू शर्मा अनिल शर्मा,




उपाध्याय व अतुल आंधीवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर अतिथि के रूप में भगवान परशुराम शोभा यात्रा मुख्य संयोजक सुभाष उपाध्याय विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिमन्यु भारद्वाज, सचिन गौड , मेला प्रभारी मणिकांत शर्मा रहे गौड़ भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारिता समाज का चौथा स्तंभ है, जो कि समाज को आईना दिखाने के साथ नई ऊर्जा का संचार करता है, इस मौके पर पंडित राजेश गोतम, मुकेश शर्मा ताऊ, योगेश भारद्वाज, अन्नू योगेश शर्मा, जीतू गौतम, रवि शर्मा, बृजेश दीक्षित, अमित शर्मा, आयोग दीपक, डॉली गोतम, केके रावत, विवेक कौशिक,के अलावा शिविर सह सयोजक टीम के अलावा जिलेभर के विप्र बंधु पत्रकार मौजूद रहे।

# उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने आयुर्वेद नगरी कचौरा में राज आयुर्वैदिक फामेर्सी में औषधि निर्माण प्रक्रिया का उत्सुकता के साथ किया अवलोकन

हाथरस। भारतीय जनता मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने उत्सुकता के साथ अवलोकन



पार्टी के सदस्यता अभियान के अंतर्गत कचौरा आगमन पर पधारे उत्तराखंड के पूर्व आयुर्वेद नगरी कचौरा में राज आयुर्वैदिक फामेर्सी में चल रही औषधि निर्माण प्रक्रिया का किया। प्रमुख दवा व्यवसायी एवं भाजपा नेता देवेंद्र सिंह राघव ने उन्हें औषधि निर्माण के संबंध में विस्तार से बताया तथा उन्होंने कहा कि कचोरा का नाम आयुर्वेद के माध्यम से देश ही नहीं वरन विदेश में भी पहचाना जा रहा है। उत्तर प्रदेश के छोटे से कस्बे में चल रही कई आयुर्वेदिक दवा फैक्ट्री ने पूरे भारत में अपनी भस्मों एवं शास्त्रोक्त आइटमों के कारण अपनी एक अलग पहचान बनाई है। पूर्व मुख्यमंत्री ने देवेंद्र राघव को आश्वासन दिया के आयुर्वेद के विस्तार में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी एवं मैं स्वयं केंद्रीय नेतृत्व को इससे अवगत कराऊंगा।

इस अवसर पर दवा व्यवसायी देवेंद्र सिंह राघव एवं जिला पंचायत सदस्य सोनू चौहान ने स्मृति चिन्ह भेंट करके तथा पटका उढा कर श्री रावत का अभिनंदन किया।

## लगातार हुई बारिश के कारण आम जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त , 36 घंटे से विद्युत व्यवस्था बुरी तरह चरमराई

हाथरस। सिकंदराराऊ में लगातार हुई बारिश के कारण आम जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। विद्युत व्यवस्था बुरी तरह से चरमराई हुई है। पिछले 36 घंटे में मात्र 6 घंटे बिजली मिलने के कारण नागरिकों को पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है। विद्युत विभाग की लापरवाही को लेकर नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है । गुरुवार को दिनभर मौसम साफ रहने और धूप निकलने के बावजूद विद्युत विभाग नागरिकों को बिजली उपलब्ध नहीं कर सका है और न ही विद्युत अधिकारियों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब दिया जा रहा है जिसे लेकर लोगों में भारी नाराजगी है। बिजली घर पर लगी मशीनों को बचाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा मशीनों को मौमजामा डालकर ढक दिया गया है। वहीं बिजली घर परिसर में भरे पानी को गुरुवार की शाम तक नहीं निकाला जा सका। विद्युत विभाग पूरे नगर की बिजली काट कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए चैन की बंसी बजा रहा है।

दूसरी खंड विकास कार्यालय , तहसील परिसर एवं नगर के कई मोहल्ले अभी भी जलमग्न हैं। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# बरसात के कारण छत गिरी महिला मलबे में फंसी

सासनी-19 सितंबर। गांव लुटसान में बुधवार को हुई बारिश में एक ग्रामीण के घर की छत भरभराकर गिर गई। जिसमें घर की एक महिला छत के मलबे में दब गई। अथक प्रयासों से लोगों ने मलबे से महिला को निकाला और उसका उपचार कराया।

गुरूवार को मिली जानकारी के अनुसार गांव लुटसान में गांव तलवार की पत्नी राजवती और उसका पुत्र हरकेश परिवार के साथ बुधवार की शाम खाना खाकर सोने की तैयारी मे थे, तभी बारिश के कारण घर की छत भरभराकर गिर गई। जिसमें मां बेटा छत के मलबे में दब गये। घटना के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण तलवार के घर की ओर दौडे जहां मलबे में दबे मां बेटा को अथक प्रयास कर निकाला गया। और उन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास ले गये। जहां उनका उपचार किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को अग्रेसित की है।

# दो किग्रा यूरिया के और पंद्रह लीटर अपमिश्रित देशी शराब सहित गिरफ्तार

हाथरस। एसपी हाथरस निपुण अग्रवाल के आदेशानुसार एएसपी और सीओ के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अपराधी धडपकड अभियान में कोतवाली पुलिस ने एक युवक को भारी मात्रा में अवैध अपमिश्रित देशी शराब एवं यूरिया सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

गुरूवार को प्रभारी निरीक्षक श्याम सिंह के अनुसार वह क्षेत्र में संदिग्ध वाहन और संदिग्ध व्यक्ति चैकिंग अभियान में मामूर थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि आगरा अलीगढ रोड स्थित हाथरस की ओर एक युवक अवैध रूप से मिलावटी शराब बेचने की जुगत लगा रहा है। एसएचओ ने सूचना को गंभीरता से लिया और फौरी कार्रवाई करते हुए युवक को पकडने पुलिस जवानों को भेजा पुलिस को देखकर युवक भागने लगा। तब दौड लगाकर पुलिस ने युवक को दबोच लिया और कोतवाली ले आई। जहां उसकी जामा तलाशी में पुलिस ने पंद्रह किलोग्राम अवैध अपमिश्रित देशी शराब एवं दो किलोग्राम यूरिया बरामद किया। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर युवक को जेल भेजा है। पूछताछ में युवक ने पुलिस को अपना नाम व पता अरविन्द कुमार सोलंकी उर्फ सागर पुत्र मोर मुकुट सोलंकी निवासी ग्राम बरसै बताया है। अरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई सुरेन्द्र, हैड कांस्टेबिल भीमसेन कुमार, प्रताप चैधरी, कांस्टेबिल आशू रघुवंशी, रवि कुमार आदि मौजूद थे।

## जुलूस ए मोहम्मदी को लेकर पुलिस ने किया पैदल गस्त

हाथरस। शुक्रवार को सिकंदराराऊ नगर में निकलने वाले बारह वफात के जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। गुरुवार को पुलिस ने नगर के बाजार में पैदल गस्त किया तथा जगह-जगह वाहन चेकिंग की गई।

कोतवाल अरविंद राठी ने पैदल गस्त के दौरान लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा बारह वफात का जुलूस शांतिपूर्वक निकालने एवं किसी प्रकार की कोई भी अव्यवस्था होने पर पुलिस को तत्काल सूचना देने की अपील की।

# स्वंय सहायता समूहों की महिलाओं से जिलाधिकारी ने की वार्ता।

## नए-नए तकनीकों से जुडने का दिया परामर्श।

### महिलाओं ने इस दौरान जिलाधिकारी से विस्तार से अपने कार्यों का रखा ब्यौरा

### सशक्त महिला ही सशक्त समाज की निर्मात्री होती है: जिलाधिकारी

सशक्त महिला, सशक्त समाज की निर्मात्री होती है महिलाओं को स्वंय सहायता समूहों के माध्यम से जनपद में सशक्त किया जा रहा ह। इसी क्रम में जिलाधिकारी रमेश रंजन ने विकासखण्ड हाथवंत में स्वंय सहायता की महिलाओं एवं बीएमएम के साथ विस्तृत परिचर्चा की। साथ ही उन



महिलाओं से वार्ता भी की जो इस क्षेत्र में विशिष्ट कार्य कर रहीं है। स्वंय सहायता समूह से जुडी महिलाओं ने स्वंय सहायत समूह के माध्यम से मिल रहे लाभों से जिलाधिकारी को अवगत कराया इस दौरान नीतू देवी, शोभा देवी, प्रतिभा देवी इत्यादि ने स्वंय सहायता समूहों से जुडने के पश्चात उनके जीवन मे आए बदलाव को विस्तार से बताया। प्रेमलता नाम महिला ने बताया कि वह गांव-गांव जाकर समूहों का गठन कराती है, जिसके एवज में उसे अपने ब्लॉक से स्वंय सहायता समूह का गठन कराने पर 15 हजार रू0 और अन्य ब्लॉक में स्वंय सहायता समूह का गठन कराने पर 22 हजार रू0 मिलते है।

जिलाधिकारी ने यहां आए बैंक अधिकारियों से वार्ता भी की और उनसे कहा कि आपके यहां समूहों से सम्बन्धित जो भी पेंण्डेंसी है उन्हे त्वरित खत्म करें। मार्ग श्री इण्टरप्राइजेज के मालिक सिंह राज सिंह भी मौजूद थे उन्होनें कहा कि मैं अपने यहां स्वंय सहायता समूह की महिलाओं से उत्पादों का निर्माण कराऊंगा, मेरे यहां 500 से 1000 खिलौने प्रतिदिन बनते है, मैं चाहता हुं कि मेरे यहां ज्यादा से ज्यादा महिलाऐं भागीदारी करें, इसके लिए जरूरी है इन महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाए। प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात मेरे द्वारा इन महिलाओं को उत्पादों के निर्माण में लगाया जाएगा। इस तरह जिलाधिकारी ने कहा कि 40 से 50 कम्पनियां ऐसी है कि जो आपके साथ एम0ओ0यू0 करने के लिए तैयार है, बस जरूरत है कि आपका समुचित प्रशिक्षण हो। जिलाधिकारी ने कहा कि जितनी भी नई चीजें आ रही है उनका आप प्रशिक्षण प्राप्त करें नई तकनीक से जुडें.और अपने आप को सशक्त बनाए, क्योकि हमारी सरकार का भी उद्देश्य ही है कि सशक्त महिला से सशक्त समाज बनता है। इसके लिए आर्थिक सशक्तिकरण जरूरी है।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने एएनएम में प्रशिक्षित महिलाओं से वार्ता की। उनको अवगत कराया गया कि यह महिलाऐं टीकाकरण में, प्रसव पूर्व देखभाल में, इनका प्रमुख योगदान रहता है। इसके अलावा सूक्ष्म कार्ययोजना बनाना, सत्र का आयोजन करना, रिपोर्टिंग की सम्पूर्ण जिम्मेदारी, उप केन्द्र, शहरी हेल्थ पोस्ट की जिम्मेदारी भी इन पर रहती है। जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी के ऊपर महत्वपूर्ण दायित्व है, जिनका निर्वहन आपको सेवा भाव से करना चाहिए, जिससे महिलाऐं लाभ प्राप्त कर सके। बच्चे स्वस्थ्य पैदा हो, कुपोषण मुक्त हो। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राम बदन राम, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 विशु राजा, एलडीएम, सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसराना में व्याप्त अव्यवस्थाओं के कारण जिलाधिकारी ने फार्मासिस्टों के वेतन रोकने और चिकित्सा अधीक्षक को कारण बताओं नोटिस जारी करने के दिए आदेश।

जिलाधिकारी रमेश रंजन ने आज जनहितकारी अनेक केन्द्रों का निरीक्षण किया जिसमें सर्वप्रथम वह मक्खनपुर स्थित निर्मणाधीन सामुदायिक केन्द्र (कल्याण मंडप) पहुचें। इसका निर्माण गरीब वर्ग के शादी समारोह के आयोजन के लिए किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि इसमें निर्मित कमरे छोटे हैं, जिलाधिकारी ने कहा कि इसको और बड़ा होना चाहिए, बाथरूम में स्नान घर भी अवश्य होना चाहिए, इस प्रोजेक्ट का कार्य 60 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है, इसे दिसंबर 2024 तक पूरा किया जाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य में प्रगति लाऐं जिससे इसे ससमय पूरा किया जा सके। इस सामुदायिक केंद्र को 3 करोड़ 25 लाख रुपए से बनाया जा रहा है, इसकी कार्यदायी संस्था सी एंड डी एस है। उन्होने कह कि कार्य को करते समय अपने स्किल का प्रयोग करते हुए किसी भी निर्माण कार्य को पूरा करें जिससे इसमें गुणवत्ता बनी रहें।

इसके पश्चात जिलाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसराना पहुंचे, जहां पर अस्पताल में व्याप्त गंदगी को देखकर जिलाधिकारी अत्यंत नाराज हुए, प्रवेश द्वार पर और काउंटर पर गंदगी को देखकर जिलाधिकारी ने अत्यंत नाराजगी व्यक्त करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक को त्वरित सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अधिशासी अधिकारी को भी निर्देशित किया कि यहां पर अपने दो सफाई कर्मचारी लगाकर यहां की गंदगी को दूर कराए। साथ ही यहां पर रजिस्टर व्यवस्थित न होने पर सभी फार्मासिस्टों के वेतन रोकने का आदेश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए और अस्पताल में जगह-जगह अव्यवस्था पाए जाने पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विमल उपाध्याय को कारण बताओं नोटिस भी जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी दवा वितरण केंद्र पर नियुक्त कर्मचारियों की प्रॉपर ड्रेस न होने पर भी नाराज दिखें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर, दवा रजिस्टर, एक्सपायरी रजिस्टर, को भी सघनता से जांचा। साथ ही उन्होंने स्वयं अपनी अपनी डायबिटीज चेक कराई उनकी रेण्डम 84 आई ताकि मशीन के संचालन की स्थिति को जाना जा सके। उन्होंने स्टोर रूम का निरीक्षण किया, साथ ही डेंटल रूम में जाकर डेंटल चेयर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आयुष्मान कार्ड सेंटर का भी निरीक्षण करते हुए यह जानकारी प्राप्त करनी चाहिए की आयुष्मान कार्ड से कितने मरीज का इलाज हो रहा है, जिस पर जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि इस महीने कुल 46 मरीजों का इलाज आयुष्मान कार्ड से हुआ है। जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड से ज्यादा से ज्यादा मरीजों का इलाज करवाया जाए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कोल्ड चैन रूम देखा यहां पर एक कोल्ड चेन मशीन खराब पाई गई, जिलाधिकारी ने कहा कि मशीन पूरी तरीके से सही होनी चाहिए ताकि चिकित्सीय उपकराणों और दवाओं का संग्रहण किया जा



सके और उन्हें सुरक्षित रखा जा सके और यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन न होने की जानकारी होने पर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि यहां एक्स रे मशीन की उपलब्धता कराई जाए, जिससे मरीजों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होंने वहां उपस्थित मरीजों से वार्ता भी की और वार्ता के उपरांत वह इस बात से संतुष्ट थे कि मरीजों को दवा इत्यादि की व्यवस्था उपलब्ध है और मरीजों को उपलब्ध भी कराई जा रही है। अंत में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिक्षक को सख्त हिदायत दी की यहां पर साफ-सफाई की व्यवस्था हो, सभी कर्मचारी प्रोपर डेज्स में हो, मरीजों को यहां पर इलाज के लिए भटकना न पडे. इन बातों का अवश्य ध्यान रखें अन्यथा कठोर कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में ही बन रहे इंटीग्रेटेड लैब का भी निरीक्षण किया, जहां उन्हे बताया गया कि इस महीने ही इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इस लैब के बनने से मरीज को अत्यंत राहत मिलेगी उन्हें बाहर जाकर जांच इत्यादि कराने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

इसके बाद जिलाधिकारी जसराना में निर्मित एमआरएफ सेंटर देखने गए, जो 35.67 लाख लागत से निर्मित हो रहा है। इसमें 90 प्रतिशत तक कार्य हो चुका है, इसे शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि एमआरएफ सेंटर में प्रवेश करने वाले मार्ग का निर्माण भी प्रॉपर तरीके से हो।

इसके बाद जिलाधिकारी विकास खण्ड हाथवंत परिसर में बने गौशाला का निरीक्षण करने भी गए, जहां पर उन्होने निर्देशित किया कि यहां पर साफ-सफाई की व्यवस्था रहें और हरे चारें और भूसे की पर्याप्त उपलब्धता रहें।

# नारी सुरक्षा और नारी सशक्तिकरण का कार्यक्रम संपन्न

फि रोजाबाद जॉयंट्स ग्रूप ऑफ फि रोजाबाद महिला शक्ति के द्वारा अध्यक्ष मधु गर्ग की अध्यक्षता में दाऊदयाल डिग्री कोलेज में चित्रकला



प्रतियोगिता का आयोजन किया ।जिसका विषय था नारी सुरक्षा ओर नारीसशक्तिकरण ।

इस प्रतियोगिता में 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

सभी ने बहुत सुंदर सुंदर पोस्टर बनाये ।ग्रूप की पूर्व अध्यक्ष मंजु सिंह और डिम्पल गुप्ता निर्णायक मण्डल में रही ।प्रतियोगिता में जोया असलम ने प्रथम ,स्त्रेस्टी गुप्ता द्वतिये और अर्पणा त्रतिए स्थान पर रही ।

प्रशासनिक निदेशिका मोनिका रनिवाला और वित्तनिदेशिका रीना गर्ग ने सभी विजेता छात्राओं की सराहना की ।

प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर अनुबंसल ,बीना चौहान ,राखी बंसल प्राची अग्रवाल ,पूनम गुप्ता , अनुपमा जैन , गुंजन बंसल , रिचा गर्ग , मोनिका गर्ग,एकता मित्तल , आदि की उपस्तिथि गरिमामय रही ।

# बरसात के चलते गिरे मकान और दीवाल

जसराना। मंगलवार सायं से शुरू हुई बरसात बुधवार सायं तक जारी रही। बृहस्पतिवार को लोगों को राहत मिली। लेकिन 24 घंटे से भी अधिक समय तक हुई बरसात ने जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया। कई गांवों में पानी भरने से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत हुई। कई जगह मकान एवं दीवाल गिरने से लोगों को आ र्थिक नुकसान का सामना करना पडा।

बरसात के चलते रामकुमार उर्फ ललई के साथ यादवेंद्र उर्फ भूरा, कृष्णकांत उर्फ काले का मकान गिर गया। गांव में एक साथ तीन मकान गिरने से हडकंप मच गया। पीडितों ने बताया कि मकानों के गिरने से उसमें घरेलू सामान दबकर नष्ट हो गया है। वहीं जसराना ब्लाक के गांव कचमई में बरसात का पानी गलियों में होते हुए घरों तक पहुंच गया। ग्रामीणों ने बताया जलभराव का उचित प्रबंध नहीं होने के कारण गांव में पानी भर गया है।

इस दौरान हल्का लेखपाल के साथ लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष मनोज यादव ने गांव का निरीक्षण किया। वहीं नगला स्वेटा में प्रमोद कुमार एवं विद्याराम आवासीय कमरा क्षतिग्रस्त हो गया है। रवि शंकर निवासी एका की दीवाल पलटने से एक बकरी की मृत्यु हो गई। चरण सिंह निवासी शांति नगर एका का मकान का एक कमरा कच्चा गिर गया। ग्राम फरेंदा भाग उडेसर गजाधर सिंह में जलभराव होने से धान की खेती में पानी भर गया है। ग्रामीणों द्वारा पानी निकाला जा रहा है।

# शिकोहाबाद विस्फोट की घटना से प्रशासन ने अभी भी नही लिया सबक

## फिरोजाबाद नगर भी बैठा है बारूद के ढेर पर



फिरोजाबाद, थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के नोसेहरा में दो दिन पूर्व पटाखा गौदाम में विस्फोट के दौरान पाँच लोगो की मौत हो गयी और कई लोगो के घायल होने के साथ कई मकान भी क्षतिग्रस्त हो गये थे इसके बाबजूद भी जिला और पुलिस प्रशासन सचेत नही हुआ है

हालांकि प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अलावा अग्नि शमन के अधिकारियों ने जनपद के नगर और देहात क्षेत्र में आतिशबाजी निर्माण , भंडारण स्थलों का निरीक्षण व सत्यापन शुरू कर दिया है, जिसके चलते चार आतिशबाजी स्थलों को सीज करने की कार्यबाही भी की गयी है। शिकोहाबाद के नोसेहरा में हुए विस्फोट के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर और ग्रामीण के पर्यवेक्षण में गुरुवार को सम्बन्धित क्षेत्रीय उप जिलाधिकारी मजिस्ट्रेट सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी के अलावा समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक , अग्निशमन केन्द्र प्रभारी की संयुक्त टीम द्वारा जनपद के नगर , देहात क्षेत्र में लाइसेंस धारक आतिशबाजी निर्माण भंडारण स्थलों का निरीक्षण किया गया।

टीम ने निरीक्षण के दौरान आतिशबाजी निर्माण भंडारण स्थल भंडारण की मात्रा लाइसेंस की बैद्यता अग्नि शमन यंत्रो की उपलब्धता आदि को चेक किया। तथा आतिशबाजी निर्माण के लाईसेंस का पालन न करने वाले लाइसेंस धारकों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की, साथ ही जिन लाइसेंस धारकों के लाइसेंस नवीनीकरण की तिथि समाप्त हो गयी है। उन्हें पुनः नवीनीकरण कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा अन्य आवश्यक निर्देश दिये।

संयुक्त टीम ने नगर फिरोजाबाद के थाना उत्तर क्षेत्र के अंतर्गत नेहा क्रेकर्स के विरुद्ध कम्पनी निर्मित पटाखों का भंडार करने पर सीज किया गया। थाना दक्षिण क्षेत्र में डी 0 सी0 क्रेकर्स के द्वारा लाइसेंस नियमो का पालन न करने पर सीज किया गया।

जनपद के थाना शिकोहाबाद क्षेत्र में हसन क्रेकर्स के लाइसेंस धारक नई मुल हसन द्वारा आबादी क्षेत्र में आतिशबाजी का भंडार करने पर सीज किया। थाना सिरसागंज क्षेत्र में आयान शेफी पुत्र इसारुद्दीन निवासी मैंन रोड सिरसागंज द्वारा लाइसेंस अनुज्ञा प्राप्त किये बिना निर्मित आतिशबाजी भंडारित करने के लिये नियमानुसार आतिशबाजी को सीज करते हुए विधिक कार्यवाही अमल में लायी गयी है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है , कि जिन घनी आबादी वाले क्षेत्रों में मकान मालिकान द्वारा आतिशबाजी भंडारण के लिये अपने मकान किराये पर दिये है, उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी, यह एक विचारणीय प्रश्न बनकर रह गया है।

# पीड़ितों ने प्रशासन द्वारा भेजे गये खाने को लौटाया

शिकोहाबाद। नौशहरा में पटाखों के गोदाम में हुए विस्फोट में पीड़ितों में पुलिस और प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है। पीड़ितों का कहना है कि उन पर जो गमों का पहाड़ टूटा है, उसमें प्रशासन के साथ ही कुछ अन्य लोग उनका उपहार उड़ा रहे हैं। उन्हें खाना और चाय नाश्ता देने आने वाले उनका फोटो खींच कर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे हैं। जो उन्हें अच्छा नहीं लग राह है। इसी को लेकर बृहस्पतिवार को ग्रामीणों को चाय नाश्ता और खाना देने पहुंचे लोगों को विरोध भी किया। पीड़ितों का कहना है कि गांव के राशन डीलर और अन्य लोग उन्हें खाना मुहैया करा रहे हैं।

पीड़ित परिवार की महिलाएं जो नौशहरा गांव के प्राथमिक विद्यालय में रुकी हैं।

उनका कहना है कि लोग उनको खाना देने के बाद जो फोटो खींचते हैं, उससे उन्हें शर्म महसूस होती है। उन्होंने एसे लोगों से अपील की है कि उनकी वही लोग मदद करें जो मदद के बाद उनका फोटो ना खीचें। अन्यथा फोटो खींचने वाले लोगों से उन्हें कोई मदद नहीं लेनी है। महिलाओं का कहना है कि हमारे गांव के लोग उनकी खूब मदद कर रहे हैं। पीड़ित परिवार की महिलाओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बुलाने की मांग की है। जिससे उनके परिवार पर आए इस संकट से निजात मिल सके। महिलाओं ने प्रशासन पर भी मदद ना करने का आरोप लगाया।

# विस्फोट में ध्वस्त हुए मकानों का मलवा हटाने का काम शुरू

## गृह स्वामियों की स्वीकृति पर जेसीबी ने काम करना किया शुरू

शिकोहाबाद। नौशहरा गांव में पटाखों के गोदाम में हुए विस्फोट के बाद ध्वस्त हुए लगभग दस मकानों के मलवे को हटाने के साथ ही क्षतिग्रस्त मकानों को गिराने का काम जेसीबी मशीन से शुरू करा दिया है। राजस्व विभाग की टीम ने पूरे गांव में सर्वे कर पूर्ण रूप से ध्वस्त लगभग दस मकान और आंशिक रूप से ध्वस्त 25 मकानों को चिंहित किया है। जो मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गये हैं, उनको गृह स्वामियों की स्वीकृति से गिराया जा रहा है। वहीं जो पूरी तरह से ध्वस्त हो गये थे, उनका मलवा हटवाया जा रहा है।

नौशहरा गांव में सुबह 11 बजे लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के जेई अंशु सिंह और लोकेश कुमार ने गांव में पहुंच कर सर्वे किया और ध्वस्त मकानों की ग्रेटिंग की। इसमें 10 एसे मकान चिंहित किये हैं जो पूरी तरह से ध्वस्त हैं और 25 मकानों को आंशिक श्रेणी में रखा गया है।

जिन दस मकानों को पूर्ण ध्वस्त दिखाया गया है, उनके गृह स्वामियों की स्वीकृति से उन्हें धराशाई कराया जा रहा है, जिससे कोई दुर्घटना ना हो। इसके लिए प्रशासन ने उक्त स्थान को जाने वाली प्रत्येक गली पर बैरीकेटिंग करा दी है, जिससे कोई भी व्यक्ति वहां पहुंच कर भीड़ ना करे। राजस्व टीम का नेतृत्व नायब तहसीलदार ब्रजराज सिंह कर रहे हैं। कानूनगो लल्लू सिंह के साथ लेखपाल और ग्राम सचिव प्रशांत कुमार भी उपस्थित रहे।

वहीं विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने आदे गांव की बिजली को सही कर दिया है। शेष गांव की बिजली को दुरुष्त करने का काम चालू है। उप जिलाधिकारी विकल्प ने बताया कि काम की गति तेज है। जल्दी ही पूरे गांव में बिजली बहाल कर दी जाएगी। इसके साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को भी शीघ्र दुरुस्त कर दिया जायेगा।

# चेकिंग में पुलिस ने नौशहरा के खेतों से पटाखो से भरे 13 कार्टून बरामद किए

शिकोहाबाद। थाना पुलिस और प्रशासन द्वारा आरोपित भूरे खां उर्फ नबी अबदुल्ला और उसके रिश्तेदारों की चार दुकानों को सीज कर दिया है। जिसमें पहला नाम हसन क्रेकर्स का है। इसके लाइसेंस धारक नईमुल हसन हैं। पुलिस ने लाइसेंस की सर्तो की अनदेखी और क्षमता से अधिक पटाखा स्टोर होने पर यह कार्यवाही की है। इसके साथ ही थाना पुलिस ने पकड़े गये भूरे खां से पूछताछ के बाद नौशहरा के बाहर खेतों से पटाखों से भरे 13 कार्टून बरामद किये हैं। जिनकी रिपोर्ट बना कर थाना पुलिस ने शासन को भेज दी है। अब एक टीम आकर इन पटाखों की जांच करेगी। बरामद पटाखों में कितनी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ है।

पटाखों के गोदाम में विस्फोट के 24 घंटे के अंदर मुख्य आरोपित भूरे खां को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार करने के साथ ही अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया है। जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। पूछताछ के दौरान मिली जानकारी पर पुलिस ने गांव के बाहर एक खेत से पटाखों से भरे 13 काटूर्नों को बरामद कर लिया है। पुलिस ने इन काटूर्नों की जांच के लिए रिपोर्ट बना कर भेज दी है।

जहां एक तरफ प्रशासन पीड़ितों को हर संभव मदद पहुंचाने के काम में जुटी है। वहीं पुलिस विभाग अब पटाखों के गोदाम में हुए विस्फोट के बाद उसकी तह तक जाने में जुट गई है। पुलिस की नजर में वे घर भी रडार पर हैं जिनमें पटाखे छुपा कर रखे गये हैं। पुलिस को अंदेशा है कि कुछ लोग रात के अंधेरे में घरों में छिपाए गये पटाखों को खेतों में फेंक सकते हैं। वहीं पुलिस ने वृहस्पतिवार को नगर क्षेत्र में भूरे खां के रिश्तेदारों की दुकानों पर भी छापामार कार्यवाही की। इस दौरान चार दुकानों को सीज किया गया है।

जिसमें एक दुकान एटा चोराहे पर है, जिसका नाम हसन क्रेकर्स है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि इस मामले में अभी जांच चल रही है। अभी और भी कार्यवाही की जायेगीं।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रशान्त वशिष्ठ के लिये पुष्प प्रिंटर्स, बौधाश्रम फिरोजाबाद से छपकर कार्यालय दैनिक सच क्या है बौधाश्रम फिरोजाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक- छीतरिया शर्मा
फोन नं. 05612297399.
9411927251,
9259041013,
9997830502
E-mail fzd@suchkyahai.com
suchkyahai@gmail.com
suchkyahai87@gmail.com